उज्जैन
गुरुवार
01
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-328
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 आज से इंदौर में दूध महंगा, किसान-संघ आमने-सामने

7 वनडे में शुभमन गिल ने सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा



साध्वी हर्षा ने
शंकराचार्य को 'दोगला' 'तथाकथित संत' बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि ने वीडियो जारी कर शंकराचार्य और संतों को तथाकथित संत, समाज का ठेकेदार और दोगला बताया। वीडियो में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, महाराज अलीनानंद, निरंजनी अखाड़ा पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप, महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी और आचार्य तन्मय वेद के दातार की तस्वीरें भी लगाईं। हर्षा ने वीडियो जारी कर कहा- जिन संतों ने उनके हर कदम पर अपमान किया। मेरे मंच संचालन और एंकरिंग पर सवाल उठाए। उन्हें सनातन धर्म को बदनाम करने वाला बताया। मुझे 'नचनिया' और 'पाखंडी' तक कहा। वही संत अब अंजलि अरोड़ा के मां सीता की भूमिका निभाने पर चुप हैं। यह दोगलापन नहीं है तो क्या है, क्या संतों ने जमीर बेच दिया है? हर्षा ने अंजलि अरोड़ा के पुराने डांस वीडियो और सार्वजनिक कार्यक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने पूछा कि संतों की आपत्ति उनके मंच संचालन को लेकर थी या किसी और वजह से। शायद कुछ संत खुद लाइमलाइट में रहना चाहते थे, इसलिए उन्हें मंच पर काम करने से आपत्ति थी।

देश

- **राम मंदिर** में चढ़ावा गिनती वाले पहनेंगे केसरिया जंपसूट, गर्भगृह में मोबाइल पर रोक, सभी कर्मचारियों की कुंडली खंगाली जाएगी
- **मुस्कान** को दोषी करार देकर जज बोले- अपराध डराने वाला फैसला सुनते ही सौरभ की मां-भाई रोने लगे, मुस्कान-साहिल मेरठ जेल में गुमसुम
- **महामंडलेश्वर** ममता कुलकर्णी के डांस पर भड़का किन्नर अखाड़ा, आचार्य लक्ष्मी नारायण बोलीं- उनकी मर्जी, कुछ भी करें; हमें अब मतलब नहीं
- **यूपी के गोंडा** के 26 गांवों में बाढ़, बिहार के छपरा में घर बहा; केदारनाथ में तापमान -4 डिग्री
- **कर्नाटक** के एमआरपीएल रिफाइनरी में धमाका, एक की मौत, 8 घायल, दो अधिकारियों पर एफआईआर

विदेश

- **अमेरिका** ने जमीन के नीचे धमाके किए, मकसद- परमाणु विस्फोट की पहचान करना, 2020 में चीन पर सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट के आरोप लगे थे
- **भारत-यूएई** के बीच समुद्र में तेल पाइपलाइन की तैयारी, होर्मुज संकट के बीच विकल्प की तलाश, भारत 88% कच्चा तेल आयात करता है
- **अफगानिस्तान** में सुबह-सुबह कांपी धरती, 5.3 तीव्रता का आया भूकंप, 126किमी गहराई में था केंद्र, नुकसान की खबर नहीं

व्यापार

- **कोटक बैंक** के एमडी और सीईओ बने अनूप कुमार, 1 जनवरी 2027 से पद संभालेंगे
- **सुकन्या में** 8.2% और पीपीएफ पर 7.1% ब्याज मिलता रहेगा, स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

कार्टून..



आज 1 अक्टूबर 2026 से सिलेंडर, बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और सरकारी योजनाओं से जुड़े 6 नियम बदले

कॉमर्शियल सिलेंडर 70 रु. महंगा, ईकेवायसी नहीं तो आज से सब्सिडी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आज 1 अक्टूबर 2026 से सिलेंडर, बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और सरकारी योजनाओं से जुड़े 6 नियम बदल रहे हैं। इन्हें आसान भाषा में नीचे समझाया गया है:

- **कॉमर्शियल सिलेंडर 70 रुपए महंगा-** तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 70 रुपए तक महंगा कर दिया है।

असर: कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च मामूली बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ता महंगा कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है।

- **वेरिफिकेशन नहीं तो एलपीजी सब्सिडी नहीं-** 1 अक्टूबर 2026 से सब्सिडी वाले रेट पर एलपीजी गैस सिलिंडर बुक करने के लिए ग्राहकों को बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन (बीएए/ईकेवायसी) पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन लोगों का ईकेवायसी पहले से है, उनके लिए कोई बदलाव नहीं होगा।

असर: जिन ग्राहकों ने बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं कराया है, वे सब्सिडी वाले रेट पर गैस बुक नहीं कर पाएंगे। हालांकि, गैस सिलिंडर की सप्लाई या बुकिंग बंद नहीं होगी। जैसे ही ग्राहक अपना ईकेवायसी पूरा कर लेंगे, उन्हें फिर से सब्सिडी वाले दामों पर सिलेंडर मिलने लगेगा।

- **यूपीआई पेमेंट पर मर्चेंट चार्ज-** 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 से अधिक के चुनिंदा मर्चेंट यूपीआई ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू होगा। जिन दुकानदारों की महीने में यूपीआई से कुल कमाई 1 लाख तक है, उनके लिए सभी ट्रांजैक्शन बिल्कुल मुफ्त रहेंगे, भले ही पेमेंट 2,000 से ज्यादा का हो।

असर: आम ग्राहकों पर इसका असर पड़ने की उम्मीद नहीं है। वहीं अगर कोई छोटा व्यापारी लगातार 3 महीने तक 1 लाख से ज्यादा का वढकपेमेंट लेता है, तो बैंक उसे बड़े व्यापारियों की लिस्ट में डाल देंगे और फिर उस पर भी चार्ज लागू होगा। पर्सन टू पर्सन ट्रांजैक्शन फ्री है।

- **एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने के नियम-** एसबीआई के सैलरी अकाउंट होल्डर अगर किसी दूसरे बैंक के एटीएम या एडीडब्ल्यूएम मशीन का इस्तेमाल करते हैं, तो अब उन्हें महीने में सिर्फ 5 फ्री ट्रांजेक्शन मिलेंगे। पहले यह लिमिट 10 फ्री ट्रांजेक्शन की थी। इसमें बैलेंस चेक करना और पैसे निकालना शामिल है।

असर: प्रति ट्रांजेक्शन 15 + जीएसटी लगेगा।

- **एसी-टीवी, फ्रिज जैसे अप्लायंसेज आज से 8% तक महंगे-** 1 अक्टूबर से कंपनियां एसी, एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और फ्रिज की कीमतों में 3% से 8% तक की बढ़ोतरी कर रही हैं। 2026 में कंपनियों की ओर से की गई यह तीसरी बढ़ोतरी है। इंटरनेशनल मार्केट में कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और क्रूड ऑयल से जुड़े कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी और करेंसी में उतार-चढ़ाव के कारण कंपनियों ने यह फैसला लिया है। साल 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की तरफ से यह कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी होगी।

असर: त्योहारों के दौरान बिक्री पर इसका तुरंत बड़ा असर नहीं पड़ेगा। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास 1 से 1.5 महीने का पुराना स्टॉक जो पुरानी दरों पर खरीदा गया था उपलब्ध है। ग्राहक दीवाली तक इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पुरानी कीमतों पर ही खरीद सकेंगे।

- **रेपो रेट पर फैसला-** आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2026 के बीच होगी। 7 अक्टूबर को इस बैठक में रेपो रेट को लेकर फैसला लिया जाएगा कि इसमें बदलाव किया जाए या इसे स्थिर रखा जाए। इस बार रेपो रेट में 0.25% बढ़ोतरी की जा सकती है।

मौजूदा स्थिति: अगस्त की समीक्षा के बाद से रेपो रेट 5.25% पर है।

असर: आरबीआई रेपो रेट में बढ़ाता है, तो बैंकों होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दर बढ़ा देंगे। इससे ईएमआई बढ़ जाएगा। इसके विपरीत, रेट घटने पर ईएमआई सस्ती हो सकती है।

कैप्टन स्मित मच्छार आप हीरो हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय पायलट की तारीफ की, बोले- देश को तुम पर गर्व है

- **इजराइली पीएम बोले- भारतीय पायलट की बहादुरी को सलाम 9/11 जैसी साजिश नाकाम कर 174 लोगों को बचाया था**
- **ट्रंप ने भारतीय पायलट ने घायल होने के बावजूद कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोला**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने विमान क्रैश रोकने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार की तारीफ की है। नेतन्याहू ने पर पोस्ट में लिखा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मछार ने हमलावर का सामना किया। वह सच्चे हीरो हैं।

पीएम मोदी ने भी कैप्टन की तारीफ करते हुए पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि कैप्टन मछार हीरो है। भारत को उन पर गर्व है। उनकी बहादुरी से सैकड़ों लोगों की जान बची और एक बड़ी त्रासदी टल गई।

दरअसल, बुधवार को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाई दुबई की फ्लाइट एफजेड 1073 में उड़ान के दौरान भारतीय पायलट स्मित पर उनके को-पायलट ने चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद विमान को क्रैश कराने की कोशिश की गई। पायलट स्मित ने घायल होने के बावजूद इस कोशिश को नाकाम कर दिया और 174 लोगों की जान बच गई।

इजराइल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि पायलट की हिम्मत से एक बड़ी घटना टल गई। अगर वह विमान को बचाने में कामयाब नहीं होते, तो 2001 में अमेरिका में हुए 9/11 हमले जैसी घटना हो सकती थी।



ट्रम्प बोले- प्लंबर ने भी बचाई लोगों की जान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भारतीय पायलट स्मित मछार की तारीफ की। उन्होंने बताया कि घायल होने के बावजूद कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोला और मदद के लिए आवाज लगाई। इसके बाद एक यात्री भी कॉकपिट में पहुंच गया। ट्रम्प के मुताबिक, वह यात्री पेशे से प्लंबर था और उसने कभी विमान नहीं उड़ाया था। उसने को-पायलट को सीट से पीछे खींच लिया। इसके बाद दूसरे यात्रियों ने मिलकर उसे काबू किया। ट्रम्प ने बताया कि इस यात्री ने टीवी शो एयर डिजास्टर्स देखकर विमान उड़ाने से जुड़ी कुछ बातें सीख रखी थीं।

प्रमुख मंदिरों में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां शुरू

इस बार हाथी पर आएगी मां दुर्गा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शक्ति आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि को लेकर धर्म नगरी उज्जैन में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में रंग-रोगन, साफ-सफाई और साज-सज्जा का काम किया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने को देखते हुए मंदिर प्रबंधनों द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की तैयारी की जा रही है। इस बार नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन हाथी पर सवार होकर होने की मान्यता को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। शारदीय नवरात्रि रविवार 11 अक्टूबर से शुरू हो रही है।

उज्जैन के हरसिद्धि मंदिर, चामुंडा माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर और चौबीस खंबा माता मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख देवी मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। मंदिर परिसरों की सफाई के साथ ही दीवारों और प्रवेश द्वारों पर रंग-रोगन किया जा रहा है। कई मंदिरों में विद्युत सज्जा और आकर्षक रोशनी की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन होने के कारण व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है।

नवरात्रि को लेकर शहर के बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। पूजन सामग्री की दुकानों पर माता की चुनरी, नारियल, कलश, श्रृंगार सामग्री, धूप-अगरबत्ती, दीपक, ज्योत के लिए सामग्री और अन्य पूजन सामग्री उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा देवी प्रतिमाओं और माता के श्रृंगार से संबंधित सामग्री की भी बिक्री शुरू हो गई है। नवरात्रि के नौ दिनों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवी मंदिरों में दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में बाजारों में भी कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है। नौ दिनों तक मंदिरों के साथ घरों में भी घटस्थापना, अखंड ज्योत और विशेष पूजन का क्रम चलता है। उज्जैन जैसे धार्मिक शहर में नवरात्रि के दौरान प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष धार्मिक वातावरण देखने को मिलता है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए आने वाले दिनों में दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा।

हाथी पर आगमन का महत्व व संकेत

शुभ संकेत: देवी भागवत पुराण के अनुसार, यदि नवरात्रि की शुरूआत रविवार या सोमवार के दिन होती है, तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है। इस साल शारदीय नवरात्रि रविवार (11 अक्टूबर 2026) से शुरू हो रही है, इसलिए माता हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। सुख-समृद्धि: हाथी को ज्ञान, ऐश्वर्य, शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माता रानी का हाथी पर आना अच्छी वर्षा, उत्तम कृषि उत्पादन और देश में सुख-समृद्धि व खुशहाली में वृद्धि का संकेत माना जाता है।

भोपाल में रिटायर्ड आईएएस की गला रेतकर हत्या

घर उड़ाने की थी साजिश, सीसीटीवी फुटेज में भागता दिखा केयरटेकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में रिटायर्ड कअर अधिकारी राकेश अग्रवाल की बुधवार सुबह सूरजनगर स्थित घर में हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे में जमीन पर मिला। गले पर धारदार हथियार के निशान हैं। घर में अलमारी के लॉक टूटे मिले। किचन में एलपीजी सिलेंडर का पाइप निकला था, जिससे पूरे घर में गैस भर गई थी। आग लगाने की साजिश थी।

शुरूआती जांच में पुलिस का शक 27 सितंबर को काम पर रखे गए केयरटेकर वरुण कुमार पर है, जो वारदात के बाद से लापता है। वरुण की आखिरी लोकेशन कुरवाई-बीना रोड मिली है। वरुण सीसीटीवी फुटेज में घर से जाते दिख रहा है।

बेटे के लौटने के बाद होगा अंतिम संस्कार

राकेश अग्रवाल के इकलौते बेटे अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में जॉब करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद उनके गुरुवार रात तक भोपाल पहुंच सकते हैं। बेटे के भोपाल पहुंचने के बाद शुक्रवार को भदभदा विश्रामघाट में राकेश अग्रवाल का अंतिम संस्कार किया जाएगा। रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की हत्या की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई। इसमें धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। घर की अलमारियों का सामान बिखरा मिला था।

आरएसएस ने देशभर में एनआरसी कराने की मांग दोहराई

कहा- वोटर लिस्ट की जांच हो, कौन भारतीय नागरिक और कौन नहीं यह जानना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और जनगणना को लेकर चल रही चर्चा के बीच फर ने देशभर में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स कराने की मांग दोहराई है। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा- यह साफ होना चाहिए कि कौन भारतीय नागरिक है और कौन नहीं।

आंबेकर ने कहा कि वोटर लिस्ट में गलत तरीके से शामिल गैर-नागरिकों की पहचान जरूरी है। उन्होंने सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के तहत पात्र लोगों को नागरिकता देने और उनकी पहचान ठप्प के जरिए करने की बात भी कही।

आंबेकर ने जनसंख्या में बदलाव को 1947 के विभाजन से जोड़ते हुए कहा कि जनसंख्या संतुलन देश की सांस्कृतिक पहचान, एकता और सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने राजनीतिक दलों से संवेदनशील राष्ट्रीय मुद्दों को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं करने की अपील की। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों को केवल सेक्युलर बनाम सांप्रदायिक बहस के बजाय देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के नजरिए से देखा जाना चाहिए।

एनआरसी की प्रक्रिया पर आपत्ति हो तो कानूनी रास्ता: आंबेकर ने कहा कि अगर किसी को ठप्ठ की प्रक्रिया पर आपत्ति है तो अदालत समेत कानूनी रास्ते खुले हैं। सिर्फ राजनीतिक कारणों से किसी गैर-नागरिक को भारतीय नागरिक मानना सही नहीं होगा।

पड़ोसी देशों के एससी/एसटी और कमजोर वर्गों का जिक्र: उन्होंने कहा- पड़ोसी देशों से भारत आए जो लोग सीएए के तहत नागरिकता के पात्र हैं, उन्हें नागरिकता मिलनी चाहिए। पड़ोसी देशों में रह गए एससी/एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के उत्पीड़न को भी देखा जाना चाहिए।

जनसंख्या बदलाव की शुरूआत मुस्लिम आक्रमणों से जोड़ी: आंबेकर ने कहा- भारत में जनसंख्या बदलाव की शुरूआत मुस्लिम आक्रमणों के दौर से हुई। 1947 में धर्म और जनसंख्या के आधार पर देश का विभाजन हुआ था, इसलिए जनसंख्या संतुलन जरूरी है। संस्कृति की रक्षा की बात को सांप्रदायिक नहीं कहा जा सकता।

जिम्बाब्वे में हेलिकॉप्टर क्रैश, चर्चित बिजनेसमैन समेत 6 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मरोनडेरा

जिम्बाब्वे के मरोनडेरा इलाके में बुधवार को 6 लोगों को लेकर जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे के बाद उसमें आग लग गई। हेलिकॉप्टर में 4 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे। हादसे में सभी 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 43 साल के चर्चित बिजनेसमैन विकनेल चिवायो और उनकी पत्नी लूसी मुतेके भी शामिल हैं। चिवायो को राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा का करीबी माना जाता था। पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचकर शवों की पहचान में जुटे हैं।

हेलिकॉप्टर राजधानी हरारे से करीब 70 किलोमीटर पूर्व मरोनडेरा इलाके में गिरा। पुलिस को हादसे की जानकारी बुधवार शाम करीब 5 बजे मिली। हादसा किस वजह से हुआ, यह अभी साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच करेगी। विकनेल चिवायो इंट्रेक जिम्बाब्वे के संस्थापक थे। यह कंपनी एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में काम करती थी। चिवायो ग्वांडा सोलर प्रोजेक्ट जैसे सरकारी ठेकों को लेकर भी चर्चा में रहे। वे अपनी आलीशान जीवनशैली और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए भी जाने जाते थे। चिवायो महंगी कारों और लग्जरी हेलीकॉप्टरों के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते थे।

देश में 13वां सबसे सूखा मानसून

पंजाब में 41% और राजस्थान में 21% कम बारिश हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में इस बार का मानसून 13वां सबसे सूखा सीजन रहा। पिछले 11 सालों में यह सबसे कम बारिश वाला मानसून रहा है। हालांकि, सीजन खत्म होने से पहले हुई तेज बारिश के कारण बारिश की कमी में 2.5% का सुधार हुआ। मानसून-2026 सीजन सामान्य से 12.6% कम बारिश के साथ खत्म हुआ। देश के 43% जिलों में 20 से 72% तक कम बारिश हुई। सबसे ज्यादा पंजाब में 41% कम बारिश हुई। वहीं राजस्थान में करीब 22% कमी दर्ज की गई। इनके अलावा 9 राज्यों में भी औसत से कम बारिश हुई।

पूर्वी भारत में ओडिशा में सामान्य से 30% ज्यादा बारिश हुई, जबकि बारिश के लिए प्रसिद्ध पूर्वोत्तर राज्यों में इस साल 1901 के बाद सबसे कम बारिश दर्ज की गई।

10 अक्टूबर तक देशभर से मानसून की विदाई संभव- मानसून की विदाई 19 सितंबर से शुरू हो चुकी थी। अगले दो दिनों में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बाकी हिस्सों के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और मध्य प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों से मानसून लौटने लगेगा। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों से भी इसकी वापसी होगी।

हालांकि, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 अक्टूबर तक दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो जाएगा। 15 अक्टूबर के बाद दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में उत्तर-पूर्व मानसून दस्तक दे सकता है।

आखिरी हफ्ते की बारिश से 2.5% कमी पूरी हुई

मानसून की विदाई से पहले सितंबर के आखिरी हफ्ते में सामान्य से 50% ज्यादा बारिश हुई। एक हफ्ते पहले मानसून की बारिश सामान्य से 15% कम थी, लेकिन सीजन खत्म होते समय यह कमी घटकर 12.6% रह गई। मानसून के 122 दिनों में से 77 दिन कोई न कोई मौसमी सिस्टम बना रहा। इससे बारिश होती रही और सीजन के अंत में कमी 12.6% पर सीमित रही। अल नीनो के कारण सीजन शुरू होने से पहले सूखे की आशंका जताई गई थी, लेकिन एक-दो राज्यों को छोड़कर स्थिति उतनी खराब नहीं रही। देश के 38% हिस्से यानी 282 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई। अत्यधिक बारिश के लिए प्रसिद्ध मेघालय में भी सामान्य से 60% कम बारिश दर्ज की गई। 24 सितंबर तक देश के 150 प्रमुख जलाशयों में 130 अरब घन मीटर पानी उपलब्ध था। इनकी कुल भंडारण क्षमता 182.4 बीसीएम है। यानी जलाशय अपनी क्षमता के करीब 71% तक भरे हैं।



महाकाल श्रृंगार



महाकाल को भांग-चंदन से सजाया, रजत मुकुट और मुंडमाला धारण कर दिए दर्शन

अपनेतक

आर्थिक मंदी और फूड क्राइसिस की बात से हर कोई हैरान

महंगाई और रोजगार को लेकर आम आदमी की चिंता अपनी जगह है, लेकिन जब आर्थिक मंदी और फूड क्राइसिस जैसे शब्द सुनाई देते हैं तो स्वाभाविक रूप से हर किसी के मन में सवाल उठता है कि आखिर हालात किस दिशा में जा रहे हैं। बाजार में खरीदारी का असर हो, कारोबार की रफ्तार हो या परिवार का मासिक बजट–इन सभी का सीधा संबंध आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से है।

एक ओर विकास और आर्थिक प्रगति के बड़े-बड़े दावे सुनाई देते हैं, तो दूसरी ओर महंगी होती खाद्य सामग्री, रोजगार की अनिश्चितता और बढ़ते घरेलू खर्च लोगों को सोचने पर मजबूर करते हैं। फूड क्राइसिस केवल भोजन की उपलब्धता का सवाल नहीं है, बल्कि उसकी कीमत और आम आदमी की पहुंच का भी सवाल है।

सबसे बड़ी चिंता तब पैदा होती है जब आर्थिक दबाव का असर मध्यमवर्ग और गरीब परिवारों की थाली तक पहुंचने लगे। थाली छोटी हो जाए और जरूरतें बड़ी होती जाएं तो विकास के आंकड़ों से ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल यह बन जाता है कि आम परिवार की रसोई कितनी सुरक्षित है।

इसलिए आर्थिक मंदी या खाद्य संकट जैसे शब्दों को केवल बहस का विषय बनाने के बजाय इनके पीछे के वास्तविक आंकड़ों, रोजगार, उत्पादन, कीमतों और आम आदमी की क्रय शक्ति पर गंभीरता से चर्चा जरूरी है। क्योंकि अर्थव्यवस्था का असली चेहरा शेयर बाजार या आंकड़ों में ही नहीं, घर की रसोई और बाजार की दुकान में भी दिखाई देता है।

मध्याह्न और कुतप काल के संयोग से आज एक साथ होंगे पंचमी व षष्ठी के श्राद्ध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष अपर पक्ष अर्थात पितृ पक्ष में पंचमी और षष्ठी तिथि का श्राद्ध कर्म एक ही दिन आज 1 अक्टूबर को किया जाएगा। पितृ पूजा के लिए मध्याह्न और कुतप काल प्रधान माने जाने के कारण दोनों तिथियों के श्राद्ध एक ही दिन होंगे। कर्मकांड व धार्मिक अनुष्ठान कर्ता और शोधार्थी पं. पुनीत मेहता तथा पं. श्रीवर्धन शास्त्री के अनुसार पितृ शांति व तर्पण के लिए मध्याह्न एवं कुतप काल का विशेष महत्व होता है। गुरुवार 1 अक्टूबर को पंचमी तिथि मध्याह्न काल का स्पर्श कर रही है। इसके उपरांत कुतप काल में षष्ठी तिथि व्याप्त रहेगी। इसी शास्त्रोक्त गणना के कारण दोनों तिथियों के श्राद्ध एक ही दिन करना प्रशस्त है। पंडित द्वय ने बताया कि अगले दिन 2 अक्टूबर को षष्ठी तिथि केवल प्रातःकाल में ही रहेगी। इस कारण उस दिन पितरों के निमित्त दान, ब्रह्म भोज और धूप आदि श्राद्ध कर्म नहीं हो पाएंगे। समय के इसी अभाव के चलते 2 अक्टूबर को सीधे सप्तमी तिथि का श्राद्ध कर्म संपन्न किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया योगा फॉर बैक पेन पुस्तक का विमोचन


उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योग, स्वस्थ जीवनशैली और रीढ़ की सेहत के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लिखी गई पुस्तक ह्योगा फॉर बैक पेन - द कम्पलीट माइंड स्पाइन गाइडह्न का भोपाल में विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रयास की सराहना करते हुए योग व स्वस्थ जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

विमोचन अवसर पर पुस्तक के लेखक योगाचार्य डॉ. सुषमा यादव और डॉ. भवित बंसल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट कर उन्हें पुस्तक की प्रति सौंपी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में इसे एक सार्थक पहल बताया। इस पुस्तक में कमर दर्द, रीढ़ की सेहत, योगाभ्यास और दैनिक जीवन में रीढ़ को स्वस्थ रखने की वैज्ञानिक व व्यावहारिक जानकारी को बेहद सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को कमर व रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करना और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। पुस्तक में योग के विभिन्न अभ्यासों, रीढ़ की देखभाल, सही जीवनशैली और दैनिक गतिविधियों में बरती जाने वाली सावधानियों को शामिल किया गया है।

रात मे खिलते पुष्प और सुबह महकता आंगन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





पारिजात ,जिसे हारसिंगार भी कहा जाता है बहुत ही सुन्दर पुष्प है और इस समय इसकी बहार आई हुई है। धार्मिक दृष्टि से ये बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे स्वर्ग का पौधा माना गया है। भादों के खत्म होते-होते जब रातें थोड़ी ठंडी होने लगती हैं तब परिजात पर कलियाँ बननी शुरू होती हैं और अश्विन का महीना आते-आते यानी सितंबर के आखिर से अक्टूबर की शुरूआत में ये फूलना शुरू कर देता है। अक्टूबर और नवंबर ये दो महीने पारिजात शबाब पर होता है।दशहरे से लेकर दिवाली तक इसका पेड़ हर रात फूलों से लद जाता है। परिजात का फूल अक्टूबर में ही अपनी पूरी बाहर पर आता है। और दिसंबर में ठंड बढ़ते-बढ़ते फूल धीरे-धीरे कम होने लगते हैं, असल में इसका मौसम शरद ऋतु है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिजात को घर के आँगन में ही लगाया जाता है, अक्सर तुलसी चौरा के पास या दरवाजे के कोने में।

लक्ष्मी को प्रिय है हारसिंगार

कहा जाता है ये फूल माँ लक्ष्मी को बहुत प्यारा है और जिस आँगन में हरसिंगार लगता है वहाँ दरिद्रता नहीं आती। कहते है ये देवताओं का फूल माना जाता है समुद्र मंथन से निकला हुआ ये पौधा बहुत ही पावन माना जाता है इसलिए इसे बिना तोड़े ही पूजा में ले लिया जाता है । ये इतना कोमल होता है कि छूते ही टप से गिर जाता है। रात में जब ये खिलता है तो इसकी इतनी तेज सुगंध फैलती है कि पूरा घर-आँगन महक उठता है।

सूरज डूबते खिलता है

इस फूल की सबसे अनोखी बात है इसका टपकना। ये दिन में नहीं खिलता, शाम ढले सूरज डूबते ही इसकी कलियाँ चटकने लगती हैं। पूरी रात भर सफेद पंखुड़ियों वाला और बीच में गहरे नारंगी रंगवाला ये फूल पेड़ पर खिला रहता है और ब्रह्म मुहूर्त से पहले ही एक-एक करके सारे फूल टपक-टपक कर नीचे गिर जाते हैं। यदि आप ब्रह्म मुहूर्त में इन फूलों को टपकते देखेंगे तो ज्यों के त्यों खड़े खड़े देखते ही रह जाएंगे, यह नजारा इतना सुंदर और मनमोहक होता है कि इसे शब्दों में नहीं पिरोया जा सकता, जब सुबह उठो तो पेड़ के नीचे सफेद-नारंगी चादर बिछी हुई मिलती है, जैसे किसी ने रात में आकर फूलों की रंगोली बना दी हो। गांव में अक्सर सब सुबह उठते ही परिजात के फूल बिनते मिल जाएंगे पूजा के लिए, कही मुरझा न जाएं इससे पहले ही इनको बीन लेना होता है क्योंकि धूप चढ़ते ही फूल मुरझाने लग जाते हैं।

मिट्टी को महकाता पुष्प

परिजात का आँगन से बड़ा गहरा नाता है। जहाँ ये गिरता है वहाँ की मिट्टी भी सुगंधित हो जाती है। इसके गिरे हुए फूलों से आँगन इतना सज जाता है कि और किसी सजावट की जरूरत नहीं पड़ती। इसकी डंडी से जो नारंगी रंग निकलता है उससे, पहले के समय में गाँव में महिलाएं माता की चुनरी रंगा करती थीं और पूजा के चावल को रंगा करती थीं। इसके फूल को शिव जी पर और लक्ष्मी पूजा में सबसे ज्यादा चढ़ाया जाता है। कहते हैं शरद पूर्णिमा की रात जब चाँद पूरा होता है तो परिजात के फूलों की सुंदरता अपने चरम पर होती है और उसी रात माँ लक्ष्मी इसी फूल की खुशबू के पीछे-पीछे घर में आती हैं। इसलिए गाँव में आज भी अक्टूबर के महीने में अधिकतर हर घर के आँगन में हरसिंगार के फूलों का बिछौना जरूर दिखेगा। हारसिंगार के पत्ते आयुर्वेदिक दवाइयों मे उपयोग होते हैं। इसके पत्तों का अर्क पैर के दर्द की रामबाण औषधी है।

पेड गरबा आयोजन के खिलाफ हिंदूवादी संगठन का प्रदर्शन, उज्जैन में पोस्टर-बैनर फाड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि के दौरान शहर में व्यावसायिक (पेड) गरबा आयोजनों और शुल्क लेकर युवक-युवतियों की एंट्री के खिलाफ हिंदूवादी संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। हिंदू जागरण मंच ने ऐसे आयोजनों को रोकने के लिए मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में बुधवार रात संगठन के कार्यकर्ता तीन बत्ती स्थित शुभ बेकरी पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने दुकान पर लगे इवेंट के पोस्टर-बैनर फाड़ दिए और संचालक को ऐसे किसी आयोजन से दूर रहने की चेतावनी दी।

आगामी 11 से 20 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान 13 से 15 अक्टूबर तक राजाराम रिसोर्ट में ह्यडांडिया बिट्सह्न नाम से तीन दिवसीय कमर्शियल गरबा आयोजन प्रस्तावित है। इसमें शुभ बेकरी स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी हुई थी। बेकरी के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से पास बिक्री के संदेश भेजे जा रहे थे और दुकान पर आयोजन के प्रचार पोस्टर भी लगाए गए थे। कमर्शियल गरबा आयोजन की जानकारी मिलने के बाद हिंदू जागरण मंच की महिला विंग और युवा कार्यकर्ता शुभ बेकरी पहुंचे। उन्होंने संचालक को शुल्क आधारित या कमर्शियल इवेंट से दूर रहने की हिदायत दी। इस दौरान संगठन के सदस्यों और बेकरी संचालक के बीच करीब 15 मिनट तक बहस हुई।

उज्जैन के दो सितारों ने बढ़ाया शहर का गौरव

कुशाग्र नागर और शिवम पटेल का मप्र अंडर-19 वनडे टीम में चयन

वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिखेगा दोनों का दम, 8 अक्टूबर से राजकोट में होगी स्पर्धा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के क्रिकेट जगत के लिए गर्व और हर्ष का अवसर है। उज्जैन के प्रतिभावान युवा क्रिकेटर कुशाग्र नागर और शिवम पटेल का चयन मध्यप्रदेश की अंडर-19 वनडे क्रिकेट टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी बीसीसीआई की वीनू मांकड़ ट्रॉफी 2026-27 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर से राजकोट में किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, निरंतर मेहनत और मैदान पर प्रभावी प्रदर्शन के बल पर प्रदेश की टीम में स्थान बनाया है। अंडर-19 स्तर की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करना उनके क्रिकेट करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनके चयन से उज्जैन के खेल प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल है।

कुशाग्र और शिवम की इस सफलता में उनके प्रशिक्षक कोच राकेश चावरे की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया। खिलाड़ियों की मेहनत और कोच के मार्गदर्शन का परिणाम अब प्रदेश की टीम में चयन के रूप में सामने आया है।

उज्जैन की खेल प्रतिभाएं लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। क्रिकेट के साथ विभिन्न खेलों में शहर के युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां उज्जैन को उभरती हुई खेल नगरी के रूप में नई पहचान दे रही हैं। कुशाग्र और शिवम का चयन शहर के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायी है।

उज्जैन क्रिकेट एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष यूनुस शेख एवं सचिव सुरेंद्र काबरा सहित समूचे उज्जैन खेल परिवार ने कुशाग्र नागर और शिवम पटेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शाही मस्जिद के आसपास नो मेन्स रीजन हो जाने से

छत्रीचौक व पटनी बाजार के व्यापारी बाजार बंद होने से खासे परेशान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शाही मस्जिद प्रकरण की आंच सबसे अधिक क्षेत्र के व्यापार पर देखने को मिल रही है। छत्रीचौक क्षेत्र मे बडी दुकानों के साथ छोटे फुटकर व्यापारी भी फुटपाथ पर ठेला लगाकर व्यापार करते रहे हैं। इनमे सर्वाधिक ठेले फल-फ्रूट, ड्रायफ्रूट, अण्डरगारमेन्टस आदि के थे। ये छोटे व्यापारी रोज व्यापार करके जैसे तैसे अपना घर चलाते थे। शाही मस्जिद के आसपास नो मेन्स रीजन हो जाने से इन ठेलावालों के सामने आर्थिक परेशानी खडी हो गई है। कुछ व्यापारी तो अपना ठेला भी घर नहीं ला पाए हैं।

अधिकांश फ्रूट व्यवसायियों का माल ठेले मे रखा सड चुका है जिसको लेकर वे दुखी हैं। इधर लगातार क्षेत्र मे सुरक्षाबलों की तैनाती के चलते वे अपना ठेला भी निकाल कर नहीं ला पा रहे हैं। कुछ ठेलों को उपद्रवियों ने पलट भी दिए तो कुछ बैरिकेट का काम कर रहे हैं। इधर पटनीबाजार बंद होने से पटवा लोगों का काम ठप्प पडा है। पटवा लोग फुटपाथ पर बैठकर माला ,मोती ,मंगलसूत्र गठने का काम करके जीविकोपार्जन चलाते रहे किन्तु अब वे बाजार बंद होने से काफी परेशान हैं। पटनीबाजार के बर्तनों की दुकानवाले भी दुकान बंद होने से खासे परेशान हैं।

उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते 17 पदक

श्रुति वान्या और निर्भय सिंह बेस ने जीता स्वर्ण, पदकवीरों का गोवा चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

5 राज्यों के 600 खिलाड़ी हुए थे शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंदौर में आयोजित 17वें ऑल इंडिया चिडो कराटे कप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 पदक अपने नाम किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी गोवा चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

प्रशिक्षक मुकुंद झाला ने बताया कि इंदौर में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के लगभग 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में उज्जैन कराटे प्रमोशन एंड एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भूमि भोयटे, दक्ष यादव और निर्भय सिंह बेस ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं अनन्य सिंह पंवार, मोहम्मद फैजल, कर्तव्य सिंह, रुद्र पाठक और जेसिका बेस ने रजत पदक हासिल किया। समृद्धि चौहान और गुरवीश बेकारिया, दिशांक सिन्दल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

खेल प्रेमियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि और आगामी गोवा चैंपियनशिप में चयन होने पर पूर्वा झाला, मुकुंद झाला, कुलदीप सिसौदिया, सोहन प्रजापति, अरबाज पटेल, पायल खरबूजा और स्वस्ती जोशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। खिलाड़ियों की इस सफलता में जितेन्द्र सिंह चौहान की सह भूमिका रही।

अम्बे माता मंदिर में पूजा कर 'हनुमान अंश' देखने पीवीआर पहुंची 250 महिलाएं

उज्जैन। समाज में सनातन संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था ने एक अनूठी पहल की है। बुधवार को मोहन नगर चौराहा स्थित अम्बे माता मंदिर में हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने के पश्चात 250 महिलाएं फिल्म 'हनुमान अंश' देखने पीवीआर सिनेमा पहुंचीं। यहां संस्था की ओर से मातृ शक्ति के लिए दोपहर 12 बजे इस फिल्म के विशेष निःशुल्क शो का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष हरि सिंह यादव ने बताया कि इस विशेष आयोजन में अतिथि के रूप में नारायण दादा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था के सचिव शैलेंद्र सिंह परिहार, भुवनेश यादव, कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र शर्मा, मुकेश पाटीदार और राजेंद्र सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

उज्जैन में चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का फूंका पुतला, पोस्टर पर कालिख पोतकर जताया विरोध, महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फोटो पर चप्पलों से की पिटाई

बैरिकेड्स तोड़कर कोठी निर्वाचन कार्यालय में घुसे कार्यकर्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और देश में कथित वोट चोरी के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने शहर में उग्र प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष महेश परमार और शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने तरणताल चौराहे से कोठी स्थित निर्वाचन कार्यालय तक पैदल मार्च किया। प्रशासन द्वारा भीड़ को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को हटाकर कार्यकर्ता कार्यालय परिसर के अंदर पहुंच गए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया, उनके चेहरे (पोस्टर) पर कालिख पोती और महिला नेत्रियों ने ज्ञानेश कुमार के फोटो पर चप्पलों से जमकर पिटाई कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष महेश परमार ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर कहा कि वर्तमान सरकार वोट चोरी के नाम पर बनी है। राहुल गांधी के नेतृत्व में देश का नौजवान अब उठ खड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बेशर्मी से छात्रों का भविष्य बर्बाद करने में लगी है और करोड़ों वोटों की चोरी की गई है। वहीं, शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने ज्ञानेश कुमार को भाजपा का एजेंट करार देते हुए कहा कि यदि राहुल गांधी ने वोट चोरी नहीं पकड़ी होती, तो भाजपा का घृणित चेहरा देश की जनता के सामने नहीं आता। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने आरोप लगाया कि भाजपा देश के हर राज्य में वोट चोरी कर लगातार अपनी सरकारें बना रही है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि जिस मुख्य चुनाव आयुक्त पर लोकतंत्र और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का दायित्व है, वही देश के मतदाताओं का नाम काटकर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, प्रभारी अनिल गोस्वामी, राधा मालवीय, बबलू खींची, गफ्फार पटेल, स्वाति सिंह, अर्पित यादव और हिमांशु शुक्ल आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोहर बैरागी, देवव्रत यादव, अजित सिंह ठाकुर, अरुण रोचवानी, आनंद मीणा, अभिषेक शर्मा, चंद्रभान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, रहीम लाला, धीरज यादव, देवेन्द्र पाटनी, हिमांशु जोशी, कृष्णा यादव, शुभम यादव, लोकेंद्र सिंह, सुरेश गहलोत, फि रोज पठान, छोटे लाल मंडलोई, मेहताब लाला, अर्पित दूबे, दीनू बड़ोदिया, मुकेश सूर्यवंशी, चेतन भाट, दुर्गेश धवन, सुरेंद्र मरमट, कमल चौहान, धर्मेंद्र सिसोदिया, वंदना मिमरोट, इमरान खान, कुलदीप जाट, असरार मामू, चुन्नी लाल धेर्या, श्याम जटिया, भगवान बदगुर्जर, लकी ठाकुर, अनिल शर्मा, राजेन्द्र चंदेल, विक्रम सिंह पटेल, तेजकरण मालवीय, वीरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र गोसर, रणछोड़ त्रिवेदी, फूल चंद जरिया, संजय आंजना, बलराम पटेल, हेमंत गोमे, मनीष गोमे, सुरेश वासनिक, ललित मीणा, नरेंद्र राव, हेमंत जौहरी और सुनील कछवाय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उज्जैन
गुरुवार
01
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

पूर्णे तटाके तृषितः सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधितः स मूढः।
कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्रः गुर्वादियोगेऽपि हि यः प्रमादी।।

अर्थः जो इन्सान गुरु मिलने के बावजुद प्रमादी (अज्ञानी) रहे, वह मूर्ख पानी से भरे हुए सरोवर के पास होते हुए भी प्यासा, घर में अनाज होते हुए भी भूखा, और कल्पवृक्ष के पास रहते हुए भी दरिद्र है।

खबर एक नजर...

इंदौर में फेसबुक विज्ञापन से सीनियर सिटीजन से ठगी

इंदौर। जूनी इंदौर में फेसबुक पर बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर सिटीजन कार्ड का विज्ञापन देखकर एक बुजुर्ग साइबर ठगी का शिकार हो गए। आरोपियों ने कार्ड बनवाने के नाम पर उनसे एटीएम नंबर और पिन हासिल कर खाते से करीब 3 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। जूनी इंदौर पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीतांबर चावला ने शिकायत में बताया कि 14 सितंबर को उन्होंने फेसबुक पर बैंक ऑफ इंडिया के नाम से एक विज्ञापन देखा था। इसमें सीनियर सिटीजन कार्ड के साथ 5 लाख रुपए तक लोन, मेडिकल बिल पर 5 प्रतिशत छूट, टिकट बुकिंग पर 30 प्रतिशत छूट, फ्यूल पर 10 प्रतिशत छूट और अकाउंट पर जीरो एनुअल चार्ज जैसी सुविधाएं बताई गई थीं। विज्ञापन में दिए फॉर्म को पीतांबर ने मोबाइल नंबर डालकर ऑनलाइन भर दिया। इसके बाद एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को दीपक शर्मा बताया और कार्ड बनवाने में मदद करने की बात कही। उसने प्रक्रिया पूरी करने के लिए पीड़ित से एटीएम नंबर मांगा। पीतांबर ने उसे नंबर बता दिया। कुछ देर बाद आरोपी ने कहा कि कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है और 15 से 20 मिनट इंतजार करना होगा। इसके बाद उसने एक लिंक भेजकर उसमें कार्ड का पिन डालने को कहा और साथ ही किसी को पिन नहीं बताने की बात कही। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने लिंक पर पिन दर्ज कर दिया।

इंदौर को मिली नई सौगात आधुनिक बसों को मिला हरी झंडी

इंदौर। इंदौर को सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। करीब दो दशक बाद शहर में एक बार फिर संगठित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नए स्वरूप में शुरू किया गया है। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड परिसर में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा एवं पीएम ई-बस सेवा के तहत वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक 40 बसों का संचालन शुरू हो गया है। इसके बाद करीब 150 और बसें सेवा में शामिल की जाएंगी। इसके बाद लगभग 120 और बसें आने का अनुमान है। इनमें नई बसों के साथ पहले से संचालित बसों को आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के बाद सेवा में शामिल किया जा रहा है। मंत्री तुलसी सिलावट ने शहरी एवं इंटरसिटी मार्गों पर यात्रियों को सुगम सुरक्षित एवं दीर्घकालीन लोक परिवहन सेवा सुविधा हेतु वंदन कार्यक्रम आयोजन को संबोधित करते हुए दो दशक बाद पुनः सार्वजनिक परिवहन की शुरूआत को मील का पत्थर बताया। सासंद शंकर लालवानी ने संगठित क्षेत्र में संचालित होने वाली इन बसों में सभी आवश्यक सुविधाओं के लाभ के साथ अत्याधुनिक बस सुविधा का लाभ आमजन के सफर को और आनंददायक बनाएगा।

बॉयज हॉस्टल में सुधार, पर गर्ल्स हॉस्टल में मेस बंद; सिंक भी टूटे

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के बॉयज हॉस्टल्स में बदहाली पर विवि प्रबंधन ने एक्शन लेते हुए सुधार शुरू करवाए हैं। रविंद्रनाथ टैगोर हॉस्टल में पंखे लगवाने के लिए छात्रों को वाट्सएप के माध्यम से सूचना दी गई। शाम को पेस्ट कंट्रोल के लिए दवा का छिड़काव भी कराया गया। उधर, गर्ल्स हॉस्टल की भी बदहाली सामने आई है। पांच में से तीन गर्ल्स हॉस्टल में मेस बंद है, लगभग सभी में बाथरूम चोक हैं, सिंक व दरवाजे टूटे हैं। खिड़कियों के कांच टूटे हैं, लाइटें खराब हैं। छात्राओं का कहना है कि कई शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं है। यहां तक कि गैस सिलेंडर और किचन व्यवस्था के नाम पर 200 से 500 रुपए तक छात्राओं से मांगे गए। न्यू कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल के वाट्सएप ग्रुप में करीब दो महीने पहले छात्राओं को मैसेज भेजा गया था, जिसमें किचन शुरू करने के लिए राशि जमा कराने को कहा गया था। छात्राओं का कहना है कि शाम की अटेंडेंस के दौरान जिन छात्राओं ने राशि जमा नहीं की, उन पर दबाव बनाया जाता है। वॉशरूम का पानी कमरों में आ जाता है कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल, न्यू कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल, सीवी रमन गर्ल्स हॉस्टल, एनसीवी रमन गर्ल्स हॉस्टल और पंडित रामा बाई गर्ल्स हॉस्टल में वॉशरूम खराब हैं।

नाश्ते के पैसे मांगे तो चाकू से की थी हत्या

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में नाश्ते के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 29 सितंबर को आरोपी सुरेश उर्फ बिल्लू पिता छेदीलाल कैथवास (38), निवासी ग्राम नागदा, जिला उज्जैन को हत्या के आरोप में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। घटना 5 मार्च 2024 की रात करीब 8.30 बजे की है। फरियादी मनोज चौबे ने बाणगंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि लल्ला उर्फ कार्तिक और उसके मामा का लड़का बिल्लू उनकी चाय-नाश्ते की दुकान पर आए थे। उन्होंने मनोज के भाई सुनील चौबे से नाश्ता मांगा। नाश्ते के पैसे मांगने पर विवाद हो गया। आरोप है कि लल्ला उर्फ कार्तिक ने सुनील को गालियां दीं और कहा कि उसने रिश्तेदार के सामने उसकी बेइज्जती कर दी है। विवाद बढ़ने पर बिल्लू ने अपने पास छिपाकर रखा चाकू निकाल लिया। सुनील जान बचाने के लिए दुकान से घर की ओर भागे। लल्ला उर्फ कार्तिक और बिल्लू ने उनका पीछा किया।

शराब कारोबारी मकवाना की मौत मामले में हाई कोर्ट ने रिव्यू पिटीशन की खारिज

सिर्फ एक्साइज अधिकारी है इसलिए सीबीआई जांच नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने शराब दुकान संचालक की मौत से जुड़े मामले में दायर रिव्यू पिटीशन खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल इस आधार पर कि मामले में आरोपी एक्साइज विभाग का अधिकारी है, जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश नहीं दिया जा सकता।

जस्टिस संदीप एन. भट्ट और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डिवीजन बेंच ने कहा कि स्थानीय पुलिस को जांच के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला था। सिर्फ आरोपी के एक्साइज अधिकारी होने के आधार पर सीबीआई जांच का निर्देश देना उचित नहीं है।

मामला देवास और इंदौर में शराब की लाइसेंसी दुकानें संचालित करने वाले दिनेश मकवाना की मौत से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि एक एक्साइज असिस्टेंट कमिश्नर ने मृतक से प्रत्येक दुकान के लिए 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह की मांग की थी। याचिकाकर्ता के अनुसार मृतक ने करीब 22 लाख रुपए का भुगतान किया, लेकिन इसके बावजूद उससे लगातार पैसों की मांग और धमकी दी जाती रही। आरोप है कि इसके बाद 8 नवंबर 2025 को दिनेश मकवाना ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। याचिका में यह भी कहा गया कि मौत से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। परिजनों की ओर से आरोप लगाया गया कि स्थानीय पुलिस ने मामले की उचित तरीके से जांच नहीं की।

वहीं प्रतिवादी की ओर से कहा गया कि रिव्यू के लिए जरूरी आधार याचिका में नहीं बताए गए हैं। यह भी तर्क दिया गया कि समीक्षा याचिका को अपील का एक वैकल्पिक या छिपा हुआ रास्ता नहीं बनाया जा सकता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने रिव्यू पिटीशन खारिज कर दी और सीबीआई जांच के आदेश को उचित नहीं माना।

सिंगल बेंच ने सीबीआई को एफआईआर दर्ज कर जांच के निर्देश दिए थे

मामला हाई कोर्ट पहुंचने पर सिंगल बेंच ने सीबीआई को एफआईआर दर्ज कर जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। इस आदेश को आरोपी एक्साइज अधिकारी ने डिवीजन बेंच के सामने चुनौती दी। 17 जुलाई 2026 को डिवीजन बेंच ने रिट अपील स्वीकार करते हुए सिंगल बेंच का आदेश रद्द कर दिया था। इसके बाद मामले से जुड़े याचिकाकर्ता ने डिवीजन बेंच के इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दायर की।

याचिकाकर्ता ने सीनियर अधिकारी के खिलाफ आरोप का दिया हवाला

रिव्यू पिटीशन में याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि डिवीजन बेंच ने यह मानते हुए फैसला दिया कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट आने से पहले सीआरपीसी की धारा 154(3), 156(3) और धारा 200 के तहत उपलब्ध वैधानिक उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था। एडवोकेट ने यह भी तर्क दिया कि मामले में आरोप एक्साइज विभाग के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के खिलाफ हैं और इस पहलू पर डिवीजन बेंच ने पर्याप्त विचार नहीं किया।

आज से इंदौर में दूध महंगा, किसान-संघ आमने-सामने

विक्रेता संघ ने 65 रु. का नया रेट तय किया किसान बोले- 70 रु. लीटर से कम मंजूर नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर में 1 अक्टूबर से दूध की कीमत बढ़ने जा रही है। इंदौर दूध विक्रेता संघ ने घर पहुंच दूध का रेट 63 से बढ़ाकर 65 रुपए प्रति लीटर और दुकानों पर खुले दूध का रेट 68 रुपए प्रति लीटर करने का ऐलान किया है।

दूसरी ओर, मध्यप्रदेश दूध किसान संघ ने इस बढ़ोतरी को नाकाफी बताते हुए किसानों को 70 रुपए प्रति लीटर खरीद मूल्य देने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि मांग नहीं मानी गई तो दूध की सप्लाई रोकने पर फैसला लिया जा सकता है।

किसानों की मांग-खरीद रेट 70 रुपए हो- मध्यप्रदेश दूध किसान संघ के अध्यक्ष दिलीप सिंह पंवार ने कहा कि हाल में हुई 3 रुपए की बढ़ोतरी में भी 1 रुपए डिलीवरी चार्ज शामिल है।

किसानों के लिए वास्तविक बढ़ोतरी पर्याप्त नहीं है। उनकी मांग है कि दूध का खरीद मूल्य 70 रुपए प्रति लीटर किया जाए। फैट के आधार पर भुगतान की व्यवस्था होने पर किसान तैयार हैं, लेकिन इसके लिए 12 रुपए प्रति फैट के हिसाब से भुगतान की मांग है।

पंवार ने कहा कि इंदौर में कुछ अन्य दूध व्यापारियों के यहां 65 से 68 रुपए तक खरीद और 70 से 72 रुपए तक बिक्री की बात सामने आती है। ऐसे में किसानों को भी 68 से 70 रुपए तक उचित खरीद मूल्य मिलना चाहिए।

विक्रेता संघ बोला- उपभोक्ता पर ज्यादा बोझ नहीं डाल सकते- इंदौर दूध विक्रेता संघ के अध्यक्ष भरत मथुरावाला ने बताया कि अभी घर पहुंच दूध के 63 रुपए में 62 रुपए दूध और 1 रुपए डिलीवरी चार्ज शामिल है। 1 अक्टूबर से यह 64 रुपए दूध + 1 रुपए डिलीवरी होकर कुल 65 रुपए होगा। दुकानों पर खुले दूध की कीमत 68 रुपए प्रति लीटर रहेगी। मथुरावाला ने कहा कि संघ पिछले 38 वर्षों से काम कर रहा है और पंजीकृत संस्था है। संघ की जिम्मेदारी किसानों को उत्पादन लागत के अनुरूप भुगतान दिलाने के साथ उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ नहीं डालना भी है।

फैट के हिसाब से भुगतान 9.23 रुपए तक पहुंचा

मथुरावाला के मुताबिक किसानों को फैट के आधार पर भुगतान किया जाता है। पहले 8.90 रुपए प्रति फैट दिया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 9.23 रुपए प्रति फैट किया गया है। उनका दावा है कि यह भुगतान सांची से अधिक है। उन्होंने कहा कि देवास, उज्जैन, धार और खंडवा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी दूध के दाम में करीब 2 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी हुई है।

किसान संगठन ने मांग पूरी नहीं होने पर दूध की सप्लाई रोकने की संभावना जताई है। हालांकि अभी सप्लाई बंद करने का कोई फैसला नहीं हुआ है। इसलिए 1 अक्टूबर से तय नए रेट लागू होंगे या नहीं, यह स्थिति आगे की बातचीत पर निर्भर करेगी।

विवाद मुख्य रूप से दूध के खरीद मूल्य, फैट के हिसाब से भुगतान और किसानों की उत्पादन लागत को लेकर है। दूध विक्रेता संघ का कहना है कि उपभोक्ताओं पर भी कीमत का असर पड़ता है, जबकि किसान संगठन का तर्क है कि मौजूदा खरीद मूल्य उनकी लागत के अनुरूप नहीं है। दोनों पक्ष अपने-अपने स्तर पर किसानों और उपभोक्ताओं के हित की बात कर रहे हैं।

इंदौर में बाइक टैक्सी के खिलाफ आज प्रदर्शन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाइक टैक्सी के विरोध में ऑटो रिक्शा चालक एक बार फिर मैदान पकड़ने वाले है। 1 अक्टूबर को वे प्रदर्शन कर पुलिस मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। इंदौर ऑटो रिक्शा चलाक महासंघ के शहर अध्यक्ष निलेश सूर्यवंशी, पंकज मालवीय, हरीश पंवार ने बताया कि बाइक टैक्सी के खिलाफ 2019 से कई आंदोलन चलाए गए हैं।

20 हजार से ज्यादा बाइक टैक्सी ड्राइवर बिना पुलिस वेरिफिकेशन के बाइक टैक्सी का संचालन कर रहे हैं, डोमेस्टिक वाहनों का इस्तेमाल कमर्शियल में किया जा रहा है। बाइक टैक्सी के एक्सीडेंट के समय यात्री को एक्सीडेंट बीमा नहीं मिलता है। इसके साथ ही दूसरे राज्यों और शहरों की बाइक भी इंदौर में चल रही है। कंपनी को परिवहन विभाग की अनुमति न होने के बाद भी इसका संचालन तत्कालीन कलेक्टर जाटव ने इसे बंद करने के निर्देशित किया था, लेकिन ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। 2024 में हाईकोर्ट ने भी इसे लेकर संबंधित विभागों को निर्देशित किया था। परिवहन विभाग ने औपचारिकता निभाते हुए कुछ दो पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की और इतिश्री कर ली। इससे नाराज इंदौर ऑटो रिक्शा चालक महासंघ पिछले दिनों बैठक भी आयोजित की थी। जिसके बाद तय किया गया कि 1 अक्टूबर दोपहर 4.30 बजे पुलिस मुख्यालय, पलासिया पर प्रदर्शन किया जाएगा और पुलिस कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा और संबंधित बाइक टैक्सी के ऑफिस और राइडर्स पर चालानी कार्रवाई की जाए।

सड़क पर पंडाल लगाने पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जयरामपुर कॉलोनी रोड पर गणेश उत्सव के दौरान सड़क पर पंडाल लगाने के मामले में हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने पुलिस और प्रशासन से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के लिए सड़क का इस्तेमाल होने से आम लोगों की आवाजाही प्रभावित नहीं होनी चाहिए। साथ ही नगर निगम, पुलिस और प्रशासन को ऐसे आयोजनों के लिए स्पष्ट नीति और नियम बनाने पर विचार करने को कहा है। मंगलवार को जस्टिस संदीप एन. भट्ट की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई हुई। यह याचिका मनोज विरुद्ध मप्र शासन एवं अन्य के नाम से दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट रवीन्द्र मार्तंड देशपांडे ने पक्ष रखा। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि जयरामपुर कॉलोनी रोड पर गणेश उत्सव के लिए सड़क पर पंडाल लगाया जाता है। इससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानी होती है और यातायात भी प्रभावित होता है। याचिका में सड़क पर गणेश उत्सव आयोजित करने पर रोक लगाने और नगर निगम की पानी की टंकी के पास मौजूद खुले भूखंड पर गणेश उत्सव आयोजित करने की अनुमति देने के निर्देश देने की मांग की गई है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि सड़क पर पंडाल लगाया जाता है तो आम लोगों के आवागमन में कठिनाई हो सकती है। धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के आने, सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग और तेज आवाज में संगीत बजने जैसी स्थितियां भी यातायात को प्रभावित कर सकती हैं।

सरकार से 4 हफ्ते में जवाब, जांच रिपोर्ट में खरीदी प्रक्रिया पर सवाल

8 करोड़ की मशीन खरीदी पर हाईकोर्ट में पीआईएल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में करीब 8 करोड़ रुपए की एनजीएस मशीन खरीदी को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता राकेश भाबर ने स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मशीन खरीदी की प्रक्रिया में कई अनियमितताएं सामने आने के बावजूद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अब तक आरोप पत्र जारी नहीं किया गया है।

मामले में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच ने सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को होगी।

जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप- याचिकाकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग, लोकायुक्त और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में मशीन खरीदी को लेकर शिकायत की थी।



इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अप्रैल 2026 में वित्त संचालक की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई थी। समिति ने कॉलेज पहुंचकर दस्तावेजों और खरीदी प्रक्रिया की जांच की और जुलाई में रिपोर्ट विभाग को सौंपी।

डीन समेत 6 को बनाया पक्षकार- याचिका में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, स्वास्थ्य आयुक्त, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के इंदौर एसपी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और उनकी पत्नी तथा टेंडर तकनीकी समिति की अध्यक्ष डॉ. शिखा घनघोरिया सहित दो अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

मुख्य सचिव मॉनिटर में मामला, फिर भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप- याचिका के मुताबिक, जांच रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर मुख्य सचिव के समक्ष शिकायत की गई। मामला मुख्य सचिव मॉनिटर नंबर 974 में 7 जुलाई 2026 को दर्ज कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने भी इसे समय-सीमा प्रकरण के रूप में दर्ज किया। याचिकाकर्ता का दावा है कि इसके बावजूद करीब ढाई महीने बीतने के बाद भी डीन के खिलाफ आरोप पत्र जारी नहीं किया गया।

2022 से मशीन थी तो नई मशीन की जरूरत क्यों पड़ी- याचिका में जांच रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि एमजीएम में 2022 से ही एनजीएस मशीन उपलब्ध थी। इसके बावजूद नई मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू की गई। कॉलेज की कार्यकारिणी समिति की 12 अप्रैल की बैठक में पुरानी मशीन शुरू करने के लिए जरूरी उपभोज्य सामग्री और वार्षिक रखरखाव अनुबंध की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद करीब 8 करोड़ रुपए की नई मशीन खरीदने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। डीन की ओर से पुरानी मशीन के अप्रचलित होने और उसके लिए जरूरी सामग्री का निर्माण बंद होने की बात कही गई थी। हालांकि, जांच में इससे जुड़े दस्तावेजों और कंपनी की जानकारी के आधार पर इस दावे पर सवाल उठाए गए।

4 करोड़ रुपए मिलना बाकी थे, फिर 8 करोड़ की मंजूरी का प्रस्ताव- जांच में यह भी सामने आने का उल्लेख है कि एमडीआरयू प्रोजेक्ट केंद्र सरकार की शत-प्रतिशत वित्तपोषित योजना थी और करीब 4 करोड़ रुपए की राशि मिलना बाकी थी। इसके बावजूद राज्य शासन से अलग से करीब 8 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया।

हाई कोर्ट- युवती को सुने बिना नहीं बदली जा सकती जन्मतिथि, पिता के आवेदन पर नगर पालिका ने 2008 को किया था 2009

कुंभ की वायरल गर्ल की जन्मतिथि बदलने का आदेश रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रयागराज महाकुंभ-2025 के दौरान चर्चा में आई मध्यप्रदेश की युवती की जन्मतिथि बदलने के महेश्वर नगर पालिका के आदेश को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने रद्द कर दिया है। नगर पालिका ने युवती के पिता के आवेदन पर उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 से बदलकर 30 दिसंबर 2009 कर दी थी।

इस बदलाव के बाद सरकारी दस्तावेजों के आधार पर बालिग हो चुकी युवती की उम्र फिर नाबालिग हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान



हाई कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की जन्मतिथि में इस तरह का बदलाव करने से पहले संबंधित व्यक्ति को सुनने का अवसर दिया जाना जरूरी है। युवती को जून 2025 में जारी जन्म प्रमाण पत्र में उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 दर्ज थी। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में भी यही जन्मतिथि दर्ज होने की बात सामने आई। इसके बाद उसके पिता ने जन्मतिथि में संशोधन के लिए महेश्वर नगर पालिका में आवेदन किया। नगर पालिका ने आवेदन पर कार्रवाई करते हुए जन्मतिथि बदलकर 30 दिसंबर 2009 कर दी।

जन्मतिथि बदलने से उम्र पर पड़ा सीधा असर

जन्मतिथि में करीब दो साल का बदलाव होने से युवती की कानूनी उम्र की स्थिति भी बदल गई। पहले के दस्तावेजों के अनुसार वह बालिग थी, जबकि नई जन्मतिथि के आधार पर उसकी उम्र 18 वर्ष से कम हो गई। मामला हाई कोर्ट पहुंचने पर जन्मतिथि बदलने की प्रक्रिया और युवती को सुनवाई का अवसर दिए जाने के मुद्दे पर सवाल उठाए गए।

सरकार की ओर से चार वरिष्ठ वकील पेश हुए

मामले में सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके साथ अतिरिक्त महाधिवक्ता सोनल गुप्ता, उप महाधिवक्ता श्रेय राज सक्सेना और सरकारी एडवोकेट आदित्य गर्ग भी कोर्ट में मौजूद रहे। हाई कोर्ट ने महेश्वर नगर पालिका द्वारा जन्मतिथि बदलने के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट के आदेश का आधार यह रहा कि युवती को सुने बिना उसकी जन्मतिथि में इस तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता।

खबर एक नजर...

सरकारी अस्पतालों में सीबीसी जांच ठप; निजी लैब में 250 रुपए में जांच

धार। धार और झाबुआ के सरकारी अस्पतालों में सल्फोलाइजर केमिकल खत्म होने से सीबीसी जांच ठप हो गई है। पीपीपी मोड पर पैथोलॉजी लैब का संचालन और केमिकल सप्लाई करने वाली होम साइंस कंपनी ने समय पर स्टॉक उपलब्ध नहीं कराया। सल्फोलाइजर सीबीसी एनालाइजर में जांच के लिए जरूरी केमिकल है। इसके बिना मशीन सैंपल रन नहीं कर पा रही हैं। नतीजा यह कि जांच के लिए मरीजों के निजी लैब में 200-250 रु. खर्च हो रहे हैं।

धार जिला अस्पताल में रोज 350 से अधिक सीबीसी जांच होती हैं। यदि ये सभी जांच निजी लैब में ?250 की दर से करानी पड़ें तो एक दिन का खर्च करीब ?87,500 होगा। यह राशि पूरे दिन की संभावित निजी जांच का हिसाब है, किसी एक मरीज का खर्च नहीं। धार के साथ कुक्षी, बदनावर, सरदारपुर और झाबुआ में भी सीबीसी जांच प्रभावित हुई हैं। नए टेंडर में होम साइंस कंपनी को लैब संचालन के साथ केमिकल सप्लाई की जिम्मेदारी मिली है। पूर्व में भी इसी कंपनी के पास ठेका था। इसके बावजूद बफर स्टॉक खत्म होने से पहले नई सप्लाई नहीं पहुंची। मौसम बदलने के साथ वायरल फीवर, डेंगू और मलेरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे समय सीबीसी इलाज की प्राथमिक जांच है। इसी रिपोर्ट से हीमोग्लोबिन, टीएलसी, डीएलसी और प्लेटलेट्स की स्थिति पता चलती है।

छिंदवाड़ा में चाचाढाबे के पास 5 किलो गांजा पकड़ा

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा शहर में चाय दुकानों और पान ठेलों के आसपास नशे के कारोबार को लेकर उठ रहे सवालों के बीच कुंडीपुरा पुलिस ने इमलीखेड़ा में कार्रवाई की है। पुलिस ने चाचा ढाबे के पास से दो युवकों को करीब 5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार युवकों में से एक असांजी चाय दुकान का संचालक है। दोनों के पास से दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि मोबाइल की जांच में गांजे की खरीद-बिक्री और उधारी का हिसाब मिला है। पूछताछ में दोनों ने इंदिरा नगर निवासी इमरान उर्फ इम्मू से गांजा खरीदना बताया है। इमरान फिलहाल फरार है। पुलिस अब सप्लाई और खरीदारी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहन नगर निवासी प्रथम पिता संजय पंजवानी (23) और आजाद चौक निवासी जौरिफ उर्फ अब्दुल मारूफ पिता आरिफ खान (20) इमलीखेड़ा स्थित चाचा ढाबे की ओर से गांजा लेकर आने वाले हैं।

रिश्वत लेते पकड़े गए वनरक्षक को 4 साल की सजा

सागर। सागर में इमारती लकड़ी के व्यापार का लाइसेंस जारी करने के एवज में रिश्वत लेने वाले वनरक्षक को विशेष न्यायालय ने 4 साल के कारावास और 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। दक्षिण वन मंडल कार्यालय में पदस्थ वनरक्षक राजकुमार मौर्य को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त सागर ने रंगेहाथ पकड़ा था। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) शहाबुद्दीन हाशमी की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी वनरक्षक को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार, देवरी निवासी नीलेश जाटव ने फरवरी 2023 में इमारती लकड़ी के व्यापार के पंजीयन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लाइसेंस प्राप्त करने के लिए जब उसके भाई वीरेंद्र जाटव वन मंडल कार्यालय पहुंचे तो वहां पदस्थ वनरक्षक राजकुमार मौर्य ने लाइसेंस जारी करने के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने अधिक राशि देने में असमर्थता जताने के बाद बातचीत में रिश्वत की रकम 5 हजार रुपए तय हुई। आरोपी ने 16 जून 2023 को 1 हजार रुपए अग्रिम रिश्वत लेकर लाइसेंस जारी कर दिया और शेष 4 हजार रुपए बाद में देने को कहा।

इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर ट्रक से पकड़ी 87 लाख की शराब

झाबुआ। झाबुआ में इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर बुधवार रात आबकारी विभाग ने एक ट्रक से माउंट शराब की करीब 1400 पेटियां जब्त कीं। कार्रवाई जलाराम ढाबे के पास की गई। शराब की कीमत करीब 47 लाख और ट्रक की कीमत 40 लाख रुपए बताई गई है। कुल जब्ती करीब 87 लाख रुपए की है। आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक के जरिए शराब ले जाई जा रही है। टीम ने हाईवे पर जलाराम ढाबे के पास ट्रक (MP09AM1571) को रोककर तलाशी ली। शुरूआती जांच में सामने आया कि ट्रक इंदौर से अलीराजपुर के सेजावाड़ा जा रहा था। तलाशी के दौरान धार जिले के बदनावर का परमिट मिला, जिसकी अवधि खत्म हो चुकी थी। विभाग के अनुसार, परमिट अमान्य होने के कारण शराब का परिवहन अवैध माना गया। जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र मानिकपुरी के निर्देश पर कार्रवाई की गई। टीम में अलकेश सोलंकी, विकास वर्मा, सोहन सिंह नायक, विजय चौहान और हीरालाल चौहान शामिल रहे। आबकारी विभाग ने शराब और ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

अब केवल बूंदाबांदी के ही आसार; कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं

मध्यप्रदेश से 2-3 दिन में मानसून की विदाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई 2 से 3 दिन में हो सकती है। क्टऊ (मौसम केंद्र) ने यह संकेत दिए हैं। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के मुताबिक, 3 दिन तक नमी की वजह से बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन किसी भी जिले में भारी बारिश का अनुमान नहीं है।

इधर, एमपी में मानसूनी पीरियड खत्म हो गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून का पीरियड 1 जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। आखिरी एक सप्ताह में अति भारी या भारी बारिश नहीं हुई। इस वजह से प्रदेश के 55 में से 30 जिलों में सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हुआ है। भोपाल, ग्वालियर समेत 25 जिलों में ही कोटा फुल हुआ है। आलीराजपुर में तो सामान्य की आधी बारिश भी रिकॉर्ड नहीं हुई, जबकि निवाड़ी-मऊगंज में 150% से ज्यादा पानी गिर गया।

अब जो बारिश वह बोनस जैसी प्रदेश से जब तक मानसून की विदाई नहीं हो जाती, तब तक बूंदाबांदी का दौर चलेगा, जो बोनस की तरफ रहेगी। मौसम विभाग इसे मानसूनी सीजन की बारिश में दर्ज नहीं करेगा।

मौसम विभाग ने गुरुवार को मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में बूंदाबांदी और गरज-चमक का अनुमान जताया है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में तेज धूप खिली रहेगी।

प्रदेश में औसत 35.8 इंच बारिश ही रिकॉर्ड क्टऊ के मुताबिक- प्रदेश में अब तक 908.4 मिमी, यानी 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है। ओवर-ऑल 4 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

इस बार जून सूखा रहा, इस वजह से आंकड़ा कम

मौसम विभाग के अनुसार, जून में 14% कम बारिश हुई थी। जुलाई के शुरूआती दिनों में तेज बारिश होने से यह बढ़ गया। इसके बाद मानसून दो बार ब्रेक हुआ और कई दिन तक बारिश नहीं हुई। आखिरी सप्ताह में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया। इसके बावजूद 13 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जुलाई, अगस्त और सितंबर का कोटा तो फुल रहा, लेकिन जून की भरपाई नहीं हो पाई। यही वजह से अब तक भी प्रदेश में 4 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच

प्रदेश की सामान्य बारिश 37.3 इंच है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जिले की सामान्य बारिश 38 से 39 इंच तक है।

माधव कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश

मंगलनाथ में चलाया स्वच्छता अभियान, सांदीपनि आश्रम में बताए नशे के दुष्परिणाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों ने जनजागरूकता के लिए प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मंगलनाथ और सांदीपनि आश्रम में ये आयोजन किए गए। अभियान के तहत मंगलनाथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर कचरे के उचित निपटान, प्लास्टिक के कम उपयोग और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने आमजन को 'कचरा न सड़क पर डालेंगे, न डालने देंगे' का संकल्प भी दिलाया। इसके बाद सांदीपनि आश्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने 'नशामुक्त समाज–स्वस्थ समाज' विषय पर नुक्कड़ नाटक किया। शेखर गोयल और देव चौहान के नेतृत्व में टीम ने शराब और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम बताते हुए नशामुक्त जीवन का महत्व समझाया। कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार समिति के प्रभारी डॉ. दिनेश जोशी, आंतरिक गुणवत्ता प्रभारी डॉ. संगीता दुबे, एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले, डॉ. रफीक नागौरी, राजनीति विज्ञान की प्राध्यापक नायब सूबेदार कुलबीर सिंह, डॉ. नूतन पंवार और राधेश्याम भील सहित कई विद्यार्थी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

चित्रकार को हमेशा लक्ष्य पर केंद्रित रखनी चाहिए दृष्टि

संस्कार भारती ने किया कला विमर्श का आयोजन, वरिष्ठ चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी ने विद्यार्थियों को दिया प्रायोगिक ज्ञान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



संस्कार भारती महानगर उज्जैन द्वारा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के वाग्देवी भवन में मासिक संगोष्ठी 'कला विमर्श' का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने 'पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर की चित्रकला दृष्टि' विषय पर विस्तार से मंथन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कलाकृति के निर्माण का प्रायोगिक ज्ञान भी दिया गया।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी ने डॉ. वाकणकर के साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा कि वाकणकर जी ने उन्हें चित्रकला के साथ कला की नैतिकता का वास्तविक ज्ञान दिया। एक चित्रकार को अपनी दृष्टि केवल अपने लक्ष्य पर केंद्रित रखनी चाहिए। कलाकार को अपने बाद आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। संगोष्ठी के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को कलाकृति बनाकर प्रायोगिक ज्ञान दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के निदेशक व वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री डॉ. आरसी ठाकुर ने डॉ. वाकणकर की चित्रकला दृष्टि और पुरातत्व के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाकणकर जी ने अपने व्यक्तित्व को एक आदर्श कला साधक के रूप में स्थापित किया। कलाकार सदैव राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहता है।

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि पुरातत्व संग्रहालय के निदेशक डॉ. रमण सोलंकी ने वाकणकर जी के कला जगत में योगदान को रेखांकित किया। कला समीक्षक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने विषय प्रवर्तन किया। इससे पहले ललित कला अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश शर्मा ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। पं. कुलदीप दुबे ने संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया। संस्था अध्यक्ष माया बदेका, गोपाल महाकाल और डॉ. शेखर मेदमवार ने अतिथियों का अंग वस्त्र व मोतियों की माला भेंट कर स्वागत किया। संचालन चित्रकला विधा संयोजक तिलकराज सोलंकी ने किया एवं आभार महामंत्री दुगार्शंकर सूर्यवंशी ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला साधक एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।

3 अक्टूबर से सोयाबीन के लिए पंजीयन, भावांतर योजना में दूसरे साल भी खरीदी

7.10 लाख किसानों ने कराया था पंजीयन, 1476 करोड़ का भुगतान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में सोयाबीन की खरीदी इस साल भी भावांतर योजना के तहत होगी। किसानों के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। भुगतान प्रक्रिया की टेस्टिंग के लिए पंजीयन के दौरान ही किसान के आधार-लिंक बैंक खाते में 1 रुपए भेजा जाएगा। यह ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम ई-उपार्जन पोर्टल के जरिए करेगा। इसके बाद ही भुगतान के लिए खाते का सत्यापन माना जाएगा।

वर्ष 2025-26 में भावांतर योजना के तहत 7.10 लाख किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 16.95 लाख टन सोयाबीन खरीदा गया और 1476 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इस साल 7 से 10 लाख किसानों के पंजीयन और करीब 20 लाख टन सोयाबीन खरीदी का अनुमान है। पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्र और सहकारी समितियों व विपणन संस्थाओं के केंद्रों पर निशुल्क होगा। एमपी ऑनलाइन, सीएससी कियोस्क, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे से अधिकतम 50 रुपए शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकेगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार और वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों में होगा। इनका राजस्व विभाग 100% सत्यापन करेगा।

सोयाबीन के भावांतर पंजीयन से पहले किसान बैंक खाते को आधार और एक्टिव मोबाइल नंबर से लिंक करा लें। मोबाइल नंबर या बायोमेट्रिक अपडेट के लिए जिला/तहसील या डाकघर के आधार केंद्र पर जाएं। पंजीयन के दौरान भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड और आईएफएससी कोड सही दर्ज कराएं।

सिंधी गरबा में सकल सिंधी समाज मनाएगा नौ दिवसीय गरबा उत्सव

अनुपमा फेम अभिनेत्री रूपाली गांगुली होंगी विशेष आकर्षण, होटल पार्क पैलेस में सजेगा गरबा महोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सकल सिंधी समाज द्वारा इस वर्ष नौ दिवसीय भव्य सिंधी गरबा 2026 का आयोजन होटल पार्क पैलेस, उज्जैन में किया जाएगा। समाज की माताओं, बहनों, बेटियों एवं परिवारों को अपनी संस्कृति और पारिवारिक वातावरण के बीच गरबा उत्सव का आनंद मिल सके, इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। नौ दिवसीय आयोजन में अलग-अलग दिनों में टीवी एवं फिल्म जगत से जुड़े कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजन का विशेष आकर्षण लोकप्रिय टीवी धारावाहिक ह्यअनुपमाह्ल की मुख्य अभिनेत्री रूपाली गांगुली रहेंगी, जो नौ दिवसीय गरबा महोत्सव के दौरान एक दिन विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल होंगी।

आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए समाज के मुख्य संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में वृहद बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाजजनों ने सर्वसम्मति से नौ दिवसीय गरबा महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया।

आयोजन को सफल बनाने के लिए महेश परियानी के नेतृत्व में संयोजकों की टीम गठित की गई है। इसमें गोपाल बलवानी, अजय रोहरा, दीपक बेलानी, वेद आडवाणी, कपिल बाशानी, नितिन वासवानी, विक्की भिमवानी, किशोर चंदनानी, माया मुलानी, दिव्या बलवानी, रिंकू बेलानी, नेहा मोटवानी, नीतू बालवानी एवं नीता भाटिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गरबा अभ्यास (प्रैक्टिस) की जिम्मेदारी दीपा वासवानी, ज्योति थानी, शोभा शर्मा, सोनिया शर्मा एवं अनीता राजवानी को सौंपी गई है। बैठक में विशेष रूप से दौलत खेमचंदानी, प्रताप रोहड़ा, महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, लोकेश आडवाणी, अरुण रोचवानी, चंदीराम जेठवानी, किशोर मुलानी, अशोक राजवानी, रवि वासवानी, वीर मामनानी, कमल मोटवानी, जीतू सेठिया एवं गोपाल राचलानी सहित समाज की विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष एवं अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मौत के मोड़, संकेतक तक नहीं, शून्य मौत के दावों के बीच बने ब्लैक स्पॉट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

जिले की सड़कें हादसों की ब्लैक लिस्ट में तब्दील हो रही हैं। एक तरफ प्रशासन बैठकों में हादसों में शून्य मृत्युदर पर काम करने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ धरातल पर नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे व शहर की सड़कों पर मौत के मोड़ बने हैं।

शहर से लेकर हाईवे तक की सड़कों पर ऐसे स्थान हैं जो प्राणघातक हो सकते हैं या पहले भी हो रहे हैं। घातक अंधे मोड़ हैं, साथ ही सड़क किनारे लगे पेड़ और अवैध टपरों के कारण सामने से आने वाले वाहन नजर तक नहीं आते। ये मोड़ खतरनाक हैं ये विभाग को भी पता है लेकिन चेतावनी बोर्ड और संकेतक नहीं लगाए हैं। रात में ज्यादा खतरा : हाईवे और मुख्य सड़कों पर अंधे मोड़ों पर चेतावनी बोर्ड या तो लगे ही नहीं हैं, या फिर टूट गए हैं। रात के समय स्थिति और खराब हो जाती है सड़क किनारे पेड़ और अवैध टपरे रोशनी को रोकते हैं। दूर से मोड़ का अहसास नहीं होता और वाहन आपस में टकरा जाते हैं।

माफ होने की आस में नहीं भरे ई-चालान, किसी ने ढका नंबर, किसी ने प्लेट टेढ़ी की, 11 करोड़ बकाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

शहर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत लागू किया गया इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम अब चालान जनरेट करने की ऑटोमैटिक मशीन बनकर रह गया है। यहां से चालान हो रहे हैं लेकिन 14% लोग ही जुमार्ना भर रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बकाया ई-चालान की वसूली के लिए इसे बिजली बिल से जोड़ने, कनेक्शन काटने जैसे कड़े कदम उठाने का सुझाव दिया है। इसके बावजूद शहर में वाहन चालक पूरी तरह बेफिक्र हैं। चालकों के मन में धारणा बैठ गई है कि जिस तरह चुनाव से पहले सरकारें किसानों का कर्ज और आम जनता का बिजली बिल माफ करती हैं, उसी तर्ज पर चुनाव से ठीक पहले ई-चालान की राशि भी माफ होगी । चालानमाफी की इसी चुनावी उम्मीद और जुमार्ना न भरने की जिद के चलते पिछले 6 वर्षों में कटे कुल 4,78,961 चालानों में से 3,55,544 चालान लंबित हैं। 11,38,04,950 की वसूली नहीं हुई है। सागर की यह पेंडेंसी मध्य प्रदेश की कुल 262.38 करोड़ की बकाया पेनल्टी का 4.34 प्रतिशत हिस्सा है।



सिंहस्थ में मांडना कला से होगा करोड़ों मेहमानों का स्वागत

संजा लोकोत्सव में डॉ. शिव चौरसिया बोले- संजा की आकृतियां पढ़ाती हैं सामाजिकता का पाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आगामी सिंहस्थ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं का स्वागत पारंपरिक मांडना कला से किया जाएगा। इसे विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए शहर में 'हर घर मांडना' का आह्वान किया गया है। सोमवार को भारतीय कॉलेज (भारतीय ज्ञानपीठ परिसर) में आयोजित अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव के चौथे दिन विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने घरों को मांडने से सजाने की शपथ ली।

कार्यक्रम में 'संजा व मांडना' विषय पर आयोजित लेक्चर डेमोंस्ट्रेशन में मांडना चौपाल के सीईओ सिद्धार्थ भागचंदानी ने विद्यार्थियों को इस पारंपरिक कला के इतिहास और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। वहीं, मालवा के वरिष्ठ लोक साहित्य मनीषी डॉ. शिव चौरसिया ने कहा कि संजा हमें प्रकृति की जड़ों से जोड़े रखती है। इसकी सभी आकृतियां सामाजिकता का पाठ पढ़ाती हैं। गाय का उत्सर्जन शुद्ध होता है और इससे प्राप्त पांचों तत्व उपयोगी हैं। पेड़-पौधे, ढोली, पतली पेमा, जाड़ी जसोदा, घेवर, पांचे, ध्रुव तारा, सातिया और डोकरा-डोकरी जैसी हर आकृति का जीवन में कोई न कोई मूल्य अवश्य है। उन्होंने बताया कि संजा में बनाया जाने वाला किला कोट हमारी मयार्दा की सीमा रेखा का प्रतीक है।


आयोजन में मानसी राठौर, प्रतीक्षा कुशवाह, माही मनोहरा, काजल पाटीदार, माही मालवीय और लक्ष्मी गोठवाल ने अत्यंत सुंदर किला कोट बनाया, जिस पर संस्था द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक सचिव कुमार किशन ने बताया कि यह आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, मप्र संस्कृति विभाग, विभिन्न क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (प्रयागराज, पटियाला, उदयपुर), मप्र पर्यटन विकास बोर्ड, संस्कार भारती और सलूजा नर्सिंग होम के सहयोग से किया जा रहा है। मानसेवी निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने लोकोत्सव की रूपरेखा बताई।

आज हस्तशिल्प कारीगरों से होगा सीधा संवाद



लोकोत्सव के पांचवें दिन 1 अक्टूबर की शाम 6 बजे कालिदास अकादमी के अभीरंग नाट्य गृह में 'लोकल फॉर लोकल डॉ. रंजना मिश्रा के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मप्र पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल की परियोजना सलाहकार डॉ. रंजना मिश्रा हस्तशिल्प कारीगरों से सीधा संवाद करेंगी। वे कारीगरों को रोजगार के अवसर और उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देंगी। संस्था ने सभी कारीगरों से इस निशुल्क कार्यक्रम का लाभ लेने का आह्वान किया है।

जयपुर में डांस का मजाक उड़ाया, ममता कुलकर्णी ने दिया जवाब...



एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी जयपुर में अपने डांस के कारण चर्चा में हैं। जयपुर में उनके डांस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कुछ यूजर्स ने ट्रोल (मजाक उड़ाना) लिया था। इस पर ममता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर कड़ा जवाब दिया है।


ममता ने अपनी पोस्ट में लिखा- अच्छा है उस वक्त इंस्टाग्राम नहीं था, जब श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास करते थे। ये उनको भी दिखाते और कहते कि ये कैसा भगवान जो नाचता है। उस रास में महादेव भी पहुंचे थे, दाढ़ी और मूंछो के साथ। राजस्थान फिल्म फेस्टिवल का 14वां संस्करण 26 सितम्बर को जयपुर के दीप स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ था। समारोह में ममता कुलकर्णी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसी दौरान जब उनकी फिल्मों के लोकप्रिय गाने बजाए गए तो ममता ने कुछ स्टेप पर डांस भी किया। वहीं एक दिन पहले भी उन्होंन इसी फेस्टिवल में स्टूडेंट्स के साथ डांस परफॉर्म किया था।

उनकी प्रस्तुति में घातक के ह्यकोई जाए तो ले आए करण अर्जुन के एक मुंडा मेरी उम्र के भंगड़ा पाले, सबसे बड़ा खिलाड़ी फिल्म का भोली भाली लड़की जैसे गीत शामिल रहे। ममता ने विद्यार्थियों के साथ इन गानों पर डांस किया। प्रस्तुति के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए और इसके बाद लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं।

ममता की इस प्रस्तुति की एक वजह यह भी रही कि पिछले कुछ समय से उनकी सार्वजनिक पहचान उनके फिल्मी दौर के बजाय आध्यात्मिक जीवन से जुड़ी रही हैं। ऐसे में जब वह अचानक अपने 90 के दशक के गानों पर उसी अंदाज में डांस करती नजर आईं तो सोशल मीडिया पर उनके पुराने फिल्मी अवतार की चर्चा शुरू हो गई। कुछ यूजर्स ने उनके डांस को उनके मौजूदा आध्यात्मिक जीवन से जोड़कर प्रतिक्रिया दी।

अमिताभ 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर फिसले

घुटने में चोट लगी, खड़े होने में परेशानी; बैठकर शुरू की होस्टिंग



अमिताभ बच्चन ह्यकौन बनेगा करोड़पति 18ह्न के सेट पर फिसल गए। इससे उनके बाएं घुटने में चोट आई है। हालिया एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने इस हादसे की जानकारी दी।

अमिताभ आमतौर पर शो की शुरूआत विंग्स से दौड़कर आते हुए और स्टेज के सेंटर में खड़े होकर अपने मोनोलॉग से करते हैं। हालांकि, पैर में दर्द के कारण उन्होंने इस बार बैठकर एपिसोड की शुरूआत की। उन्होंने दर्शकों से कहा कि चोट गंभीर नहीं है और वे कंटेस्टेंट्स के साथ खड़े होकर ही गेम होस्ट करेंगे। अमिताभ बच्चन ने शो की शुरूआत में ही अपने फैंस और दर्शकों को इस घटना के बारे में बताया। उन्होंने अपने बाएं घुटने की तरफ इशारा करते हुए कहा कि बीते दिन शूटिंग के समय उनका पैर फिसल गया था। उन्होंने कहा कि आम तौर पर वे सेंटर में खड़े होकर अपनी बात रखते हैं, लेकिन आज खड़े होने में थोड़ी तकलीफ हो रही है।

'कौन बनेगा करोड़पति' का 18वां सीजन दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। अमिताभ बच्चन साल 2000 से इस क्विज शो को होस्ट करते आ रहे हैं। केवल तीसरे सीजन को छोड़कर, जिसे शाहरुख खान ने होस्ट किया था, बाकी सभी सीजन्स में अमिताभ ही शो का मुख्य चेहरा रहे हैं। 83 से अधिक उम्र में भी उनकी फिटनेस और काम के लिएसमर्पण की लोग तारीफ करते हैं।

83 साल के बिग बी सिर्फ 25% लिवर पर ही जिंदा हैं, उनका 75% लिवर खराब है। कुली के सेट पर हुए हादसे के बाद डॉक्टर्स क्लिनिकली मरा हुआ घोषित कर चुके हैं। 26 जुलाई 1982 को अमिताभ बच्चन फिल्म कुली के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट कर रहे थे। शॉट की डिमांड के अनुसार पुनीत इस्सर को अमिताभ को मुक्का मारना था और उन्हें टेबल पर जाकर गिरना था। ये काम बॉडी डबल का था, लेकिन अमिताभ ने परफेक्शन के लिए खुद इसे शूट किया। मुक्का तेज लगा जिससे टेबल का एक कोना अमिताभ के पेट पर लग गया। खून नहीं आया था, लेकिन दर्द से बिग बी का बुरा हाल था। अस्पताल गए तो डॉक्टर्स सही कारण नहीं समझ सके। पेन किलर के सहारे बिग बी ने दो दिन काटे, लेकिन जब दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर उन्हें बेंगलुरु के सेंट फिलोमेना हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। एक्स-रे हुआ लेकिन अब भी सही कारण नहीं पता चल सका। कई टेस्ट हुए, लेकिन जब चोट का ही पता नहीं चला तो इलाज कैसे होता। तीसरे दिन जब दर्द असहनीय हुई तो डॉक्टर्स ने दोबारा एक्स-रे कर इसे बारीकी से एग्जामिन किया। देखा कि एक्स-रे में डायफ्राम के नीचे गैस दिख रही थी, जो लीकेज का संकेत थी। दरअसल चोट लगने से अमिताभ की अंतड़ियां फंट गई थीं और सही समय पर इलाज न मिलने पर इफेक्शन फैल चुका था। चौथे दिन जाने माने सर्जन एच.एस.भाटिया ने अमिताभ का केस देखा और तुरंत ऑपरेशन का सुझाव दिया।

ऑटो में बैठकर शूटिंग सेट पहुंचे रजनीकांत, ऑटो से उतरकर फैंस का अभिवादन किया



सुपरस्टार रजनीकांत अपनी अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की शूटिंग के लिए मैसूर पहुंचे हैं। यहां शूटिंग सेट पर वह सादगी भरे अंदाज में ऑटो-रिक्शा में बैठकर पहुंचे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

ऑटो से उतरने के बाद रजनीकांत ने वहां मौजूद फैंस का अभिवादन किया। अश्वथ मारिमुथु के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल और टरमरिक मीडिया के आर महेंद्रन मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

इस बीच रजनीकांत की एक और फिल्म 'जेलर 2' भी 15 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जून में सामने आया था पहला लुक, डॉक्टर के रोल में दिखेंगे

फिल्म 'धर्मन' में रजनीकांत के किरदार का पहला पोस्टर इसी साल जून में जारी किया गया था। पोस्टर में रजनीकांत अपने ट्रेडमार्क सनग्लासेस पहने और हाथ में खून से सना सर्जिकल चाकू (स्केल्पल) थामे नजर आए थे।

इसके बैकग्राउंड में एक ऑपरेटिंग थिएटर दिखाया गया था। फिल्म में रजनीकांत एक डॉक्टर की भूमिका में हैं। उनके साथ सिमरन बग्गा, राशी खन्ना और योगी बाबू भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म हनुमान अंश के 2 पार्ट और आएंगे

दूसरे पार्ट को लेकर प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर बोलीं- महाराज जी बताएंगे कि यह कब आएगा




महज डेढ़ करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा के बजट में बनी हनुमान अंश ने जिस तरह दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई, उसने फिल्म की अगली कड़ी की संभावनाओं को लेकर भी उत्सुकता बढ़ा दी है।



फिल्म की निमार्ता अनुप्रिया नागर ने बताया कि इसे आगे ले जाने का विचार सफलता मिलने के बाद पैदा नहीं हुआ, बल्कि फिल्म शुरू करने से पहले ही इसे एक फ्रेंचाइजी के रूप में विकसित करने की योजना थी। यहां तक कि शुरूआती स्तर पर तीन फिल्मों के बारे में सोचा गया था। हालांकि, दूसरे पार्ट की स्क्रिप्टिंग अभी शुरू नहीं हुई है और निर्देशक के दूसरी फिल्म साइन करने के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। इसके बावजूद अनुप्रिया नागर का कहना है कि कहानी और महाराज जी के जीवन से जुड़ी इतनी सामग्री है कि एक फिल्म में सब कुछ समेटना संभव नहीं। अनुप्रिया ने बताया कि फिल्म बनाने से पहले ही हमारे मन में इसे फ्रेंचाइजी के तौर पर विकसित करने की बात थी। महाराज जी की इतनी सारी कहानियां हैं, उनके जीवन से जुड़ी इतनी अद्भुत लीलाएं हैं कि एक फिल्म में सब कुछ बताना संभव नहीं है। इसलिए शुरूआत में ही हमने तीन फिल्मों के बारे में सोचा था। लेकिन अभी मैं यह नहीं कह सकती कि दूसरी फिल्म कब आएगी। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान पहली फिल्म को उसका पूरा न्याय देने पर है। हम अभी भी उसके साथ जुड़े काम कर रहे हैं। दूसरी फिल्म का विचार पूरी तरह

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??

वर्ग पहेली






बाएं से दाएं

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

ऊपर से नीचे

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरब, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

माथा पच्ची



95		50		75		20	=	90
	■		■		■		■	
65		17		20		1	=	62
	■		■		■		■	
5		20		75		10	=	35
	■		■		■		■	
40		10		10		2	=	42
=	■	=	■	=	■	=	■	=
65		23		10		15	=	77 / 37

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल



चु	श	मु	म	स्ती	त	से	प	ब	र	द
मं	कि	ल	ना	द	म	जा	अं	दा	ज	क
य	के	दो	हे	मि	इ	ना	न	व	ष्टि	रू
इं	ट	स्ती	न	क्ष	या	श्ला	क	ले	ज	की
प	दा	सा	भ	ने	तो	हे	न	गो	ख्वा	त
व	जि	त	प	न	स	ए	व	सं	वों	व
द	प	ब्दा	न	जी	म	ह	अ	गो	प्ला	द
क	र	क	प	क्ष	प	भा	र	चो	आ	ख
र	व	त	म	त	भी	त	ग	अ	न	अ
क	र	ल	प	र	ज	ता	रे	र	ह	द
मुं	ब	ई	से	आ	या	मे	र	दो	स्त	न

शब्दजाल में लारा दत्ता की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

भागमभाग, जुर्म, मस्ती, अंदाज, दोस्ती, आन, इन्सान, खाकी, मुंबई से आया मेरा दोस्त, जिन्दा.

अष्टयोग

4			6	1		7
	31	7	31		28	
	2			3		4
	34	6	31		33	
6		4		2		1
5	31		32	7	38	
	3	2		5		6

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

24	x	4	+	2	-	8	=	40
+	■	x	■	x	■	+	■	+
25	-	10	+	25	+	8	=	48
-	■	+	■	-	■	+	■	-
25	+	5	+	2	x	3	=	45
+	■	+	■	-	■	-	■	-
3	x	10	-	25	x	3	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
21	-	18	+	23	-	16	=	77 / 37

अष्टयोग का हल

7	5	6	3	4	2	1
5	42	7	33	1	23	3
1	6	5	4	3	7	2
2	25	3	34	7	39	6
3	1	4	6	2	5	7
6	24	1	33	5	35	4
4	3	2	7	6	1	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

अमेरिका में 2 भारतीयों पर नकली दवा बेचने का आरोप

चीन से मंगाते थे वजन घटाने की दवा, 71 साल की सजा हो सकती है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में वजन घटाने के लिए इस्तेमाल होने वाली दवा ओजेम्पिक की नकली दवा बेचने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों चीन से कम कीमत पर नकली ओजेम्पिक मंगाते थे और फिर इसे अमेरिका में डिस्ट्रीब्यूटर्स को बेचते थे। दोष साबित होने पर दोनों को अलग-अलग आरोपों में अधिकतम 71 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने ओजेम्पिक को 2017 में टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए मंजूरी दी थी। जांच में सामने आया कि नकली दवा की पैकिंग को इस तरह तैयार किया गया था कि वह बिल्कुल असली ओजेम्पिक जैसी दिखाई दे।

इसके बॉक्स, दवा की जानकारी वाली पर्ची, इंजेक्शन पेन का लेबल और यहां तक कि सुई भी असली दवा जैसी थी। इसका मकसद यह था कि खरीदारों को दवा नकली होने का पता न चले और उन्हें लगे कि वे कंपनी की असली दवा खरीद रहे हैं।

अमेरिकी दवा नियामक एफडीए ने दिसंबर 2023 में नकली ओजेम्पिक की कुछ खेप पकड़ी थी। इसके बाद लोगों को नकली दवा से सावधान रहने की चेतावनी भी दी गई थी। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि इसके बावजूद दोनों आरोपी नकली दवा की बिक्री में शामिल रहे। एक आरोपी के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी हुआ था अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, स्वप्नदीप रॉय को इटली में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस भी जारी हुआ था।

रेड नोटिस का मतलब है कि इंटरपोल से जुड़े देशों को किसी व्यक्ति की तलाश और संभावित गिरफ्तारी के लिए सूचना दी जाती है। हालांकि, यह अपने आप में किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी का अंतरराष्ट्रीय वारंट नहीं होता। बाद में अमेरिका ने इटली से रॉय के प्रत्यर्पण की मांग की। मंगलवार को उसे फ्लोरिडा के टैम्पा शहर की अदालत में पेश किया गया। रॉय और रमनचा पर कुल 6 आरोप लगाए गए हैं। इनमें तस्करी की साजिश, तस्करी और नकली दवा बेचने से जुड़े आरोप शामिल हैं।

सूरत में 3 हत्याएं, पति-पत्नी ने 4 साल छिपाया राज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सूरत

गुजरात के सूरत जिले के कोसांबा में तीन महिलाओं की हत्या का 4 साल बाद खुलासा हुआ है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच और कोसांबा पुलिस ने वडफालिया में एक घर के आंगन से मानव कंकाल बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक, माधवदास और उसकी पत्नी उर्मिला पर तीनों महिलाओं की हत्या का आरोप है। मृतकों में उर्मिला की नानी शांताबेन, बहन भगवतीबेन और माधवदास की मां मंजुलाबेन शामिल हैं। मामला तब सामने आया जब माधवदास ने पत्नी को हत्या में फंसाने के लिए पुलिस में शिकायत की। जांच में उसकी शिकायत संदिग्ध लगी और पूछताछ के बाद तीनों हत्याओं का खुलासा हुआ।

पहली हत्या 25 फरवरी 2022 को हुई। पुलिस के मुताबिक, माधवदास और उर्मिला ने उर्मिला की बहन भगवतीबेन वसावा का तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी। वह टीबी से पीड़ित थीं। इसके बाद उनकी मौत को बीमारी से हुई मौत बताया गया और शव को दफना दिया गया।

दूसरी हत्या 19 जुलाई 2022 को हुई। इस बार माधवदास की मां मंजुलाबेन भक्तिराम साधु की मौत हुई। वह पैरालिसिस के बाद बिस्तर पर थीं। पुलिस का आरोप है कि दंपती ने तकिए से उनका मुंह दबाकर हत्या की और बाद में बीमारी से मौत बताकर अंतिम संस्कार कर दिया।

तीसरी हत्या 7 अक्टूबर 2022 को शांताबेन गंभीरभाई वसावा की हुई। पुलिस के मुताबिक, शांताबेन उर्मिला की नानी थीं। आरोप है कि सोते समय उनका मुंह तकिए से दबाया गया और हत्या के बाद शव को ड्रम में डाल दिया गया।

ड्रम में शव डालकर सीमेंट से किया था बंद

पुलिस के मुताबिक, माधवदास और उर्मिला ने शांताबेन के शव को ड्रम में रखा। उसमें तीन बोरी सीमेंट और पानी डालकर शव को सील कर दिया। करीब साढ़े तीन महीने बाद दोनों ने ड्रम को खोलकर शव को सीमेंट के ब्लॉक समेत घर के बरामदे में खोदे गए गड्ढे में दफना दिया। ऊपर से सीमेंट की परत भी डाल दी गई। शांताबेन की मौत को छिपाने के लिए रिश्तेदारों को बताया गया कि उनकी मौत कोरोना से हुई है। उस समय कोरोना के दौरान शव परिजनों को नहीं दिए जाने की बात कहकर मामला दबा दिया गया। हाल ही में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद माधवदास पुलिस के पास पहुंचा। उसने क्राइम ब्रांच को बताया था कि शांताबेन की हत्या उसकी पत्नी उर्मिला और उसके चचेरे भाई अफजल उर्फ पोटो दीवान ने की है।

पायलट को चाकू मारा, 17 हजार फीट नीचे आया विमान; फाइटर जेट की निगरानी में इमरजेंसी लैंडिंग

इजराइल जा रही फ्लाइट क्रैश कराने की कोशिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

दुबई से तेल अवीव जा रही एक फ्लाइट को हाईजैक कर क्रैश कराने की कोशिश हुई है। को-पायलट ने साथी पायलट पर चाकू से हमला किया और विमान का कंट्रोल अपने हाथ में लेने की कोशिश की। दूसरे पायलट और कुछ यात्रियों ने हाथापाई कर उसे रोक लिया।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाई दुबई की फ्लाइट में यह घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई। इस वजह से 1 मिनट के अंदर विमान करीब 17 हजार फीट नीचे आ गया। इसके बाद विमान से हाईजैक का अलर्ट भेजा गया। इजराइल ने तुरंत फाइटर जेट्स रवाना किए। उनकी निगरानी में फ्लाइट का रास्ता बदला गया और उसे सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में करीब 180 यात्री सवार थे, जिनमें लगभग 150 इजराइली नागरिक थे।

विमान ने पहले 7700 कोड भेजा। इसका मतलब होता है कि विमान में कोई इमरजेंसी है। कुछ ही सेकंड बाद विमान ने 7500 कोड भेजा। यह कोड विमान में हाईजैक का है। फ्लाइट रडार मुताबिक, विमान सिर्फ दो मिनट में 34 हजार फीट से घटकर 16,600 फीट की ऊंचाई पर आ गया। इसके बाद विमान ने अपना रास्ता बदला और सऊदी अरब के ताबुक की ओर चला गया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, विमान के कॉकपिट में पायलट और को-पायलट के बीच झगड़ा हुआ था। इसी दौरान विमान से इमरजेंसी सिग्नल भेजे गए। हालांकि, दोनों के बीच झगड़ा किस बात पर शुरू हुआ था, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स में चश्मदीदों के हवाले से दावा किया गया कि झगड़ा तब शुरू हुआ, जब एक पायलट ने विमान को जमीन की तरफ मोड़कर क्रैश करने की कोशिश की।



इजराइली पीएम बोले- भारतीय पायलट की बहादुरी को सलाम

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विमान क्रैश रोकने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी की तारीफ की है। नेतन्याहू ने पर पोस्ट में लिखा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मछार ने हमलावर का सामना किया। वह सच्चे हीरो हैं। इजरायली पीएम ने कहा- कैप्टन स्मित ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने में मदद की, जिससे यात्रियों और क्रू ने हमलावर को काबू कर लिया। कैप्टन की वजह से 174 लोगों की जान बची। इनमें इजरायली नागरिकों के साथ दूसरे देशों के लोग भी शामिल थे। दरअसल, बुधवार को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाय दुबई की फ्लाइट में उड़ान के दौरान भारतीय पायलट स्मित पर उनके को-पायलट ने चाकू से हमला कर दिया। फिर विमान का कंट्रोल हाथ में लेकर इसे क्रैश कराने की कोशिश की। लेकिन, पायलट स्मित ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते हुए साजिश को नाकाम कर दिया।

ट्रम्प बोले- प्लंबर ने भी बचाई लोगों की जान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भारतीय पायलट स्मित मछार की तारीफ की। उन्होंने कहा- घायल होने के बावजूद कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोला और मदद के लिए आवाज लगाई। इके बाद एक यात्री भी कॉकपिट में पहुंचा। ट्रम्प के मुताबिक, वह पेशे से प्लंबर था और उसने कभी विमान नहीं उड़ाया था। यात्री ने को-पायलट को सीट से खींचकर पीछे किया। इसके बाद दूसरे यात्रियों ने मिलकर उसे काबू किया। ट्रम्प ने बताया कि इस यात्री ने टीवी शो ह्यएयर डिजास्टर्सह्न देखकर विमान उड़ाने की कुछ बातें सीखी थीं। हालांकि, ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यह जानकारी नेतन्याहू और कुछ अन्य सूत्रों से मिली है। उन्होंने कहा कि वह इन बातों की खुद पुष्टि नहीं कर सकते। फ्लाईदुबई की फ्लाइट में यह घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई। विमान में 174 यात्री सवार थे, जिनमें 27 बच्चे शामिल थे। ज्यादातर इजराइली पैसेंजर्स थे। रिपोर्टों के मुताबिक, हमले से पहले दोनों पायलटों के बीच हाथापाई हुई थी। इसके बाद को-पायलट ने कैप्टन स्मित पर चाकू से हमला किया। इस दौरान विमान करीब 34 हजार फीट की ऊंचाई से अचानक 17 हजार फीट नीचे आ गया। एक यात्री और क्रू मेंबर किसी तरह कॉकपिट तक पहुंचने में कामयाब हुए। इसके बाद दूसरे क्रू मेंबर भी कॉकपिट में पहुंचे और विमान की सुरक्षित सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

जिनपिंग के बॉडीगार्ड की पहचान उजागर, व्हाइट हाउस की गेस्ट लिस्ट में सामने आया

नाम-पद सामने आया, मोदी-जिनपिंग की बैठक में भी मौजूद थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कई साल से एक अधिकारी विदेश दौरों और बड़ी बैठकों में नजर आता रहा है। वह कभी शी के पीछे खड़ा दिखा तो कभी उनके साथ मीटिंग में बैठा नजर आया। लेकिन चीन ने कभी सार्वजनिक तौर पर नहीं बताया कि वह कौन है और क्या जिम्मेदारी संभालता है। अब उसकी पहचान सामने आई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शी जिनपिंग के सम्मान में पिछले हफ्ते अमेरिका में एक खास रात्रिभोज आयोजित किया था। इसमें शामिल चीनी मेहमानों की लिस्ट व्हाइट हाउस ने जारी की। इसी लिस्ट से पहली बार झोउ होंगशू का नाम और उनका पद सामने आया। होंगशू को सेंट्रल गार्ड ब्यूरो का डायरेक्टर बताया गया है। यह विभाग चीन के राष्ट्रपति और दूसरे बड़े नेताओं की सुरक्षा करता है। झोउ इसी महीने नई दिल्ली में शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के दौरान भी मौजूद थे।



झोउ होंगशू के बारे में चीन में भी बहुत कम जानकारी सार्वजनिक है। उनकी पढ़ाई, शुरूआती नौकरी और पुराने पदों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। 2022 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं बड़ी राष्ट्रीय बैठक हुई थी। इसमें झोउ होंगशू को भी प्रतिनिधि बनाया गया था। लेकिन तब भी उनकी पूरी प्रोफाइल सार्वजनिक नहीं की गई थी। चीन के पूर्व पार्टी अधिकारी देंग यूवेन ने उठठ से कहा कि उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, झोउ ऐसे पहले बड़े सुरक्षा अधिकारियों में हो सकते हैं, जो इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में लगातार नजर आए हैं। शी जिनपिंग के भारत दौरे के समय झोउ होंगशू चीन के विदेश मंत्रालय के दो उपमंत्रियों के बीच बैठे थे।

इसकी एक बड़ी वजह वह संस्था है, जिसमें झोउ होंगशू काम करते हैं। सेंट्रल गार्ड ब्यूरो चीन की बेहद गोपनीय सुरक्षा संस्थाओं में से एक है।

मिडटर्म चुनाव से पहले सही फैसला लेने को कहा

ईरान ने अमेरिकियों से कहा- डोनाल्ड ट्रम्प भरोसे के लायक नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स ने अमेरिकी वोटरों के नाम 25 पेज की खुली चिट्ठी जारी की है। इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को भरोसे के लायक नहीं बताया गया है और अमेरिकी लोगों से सोच-समझकर फैसला लेने की अपील की गई है। यह चिट्ठी अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनाव से करीब 5 हफ्ते पहले आई है। मिडटर्म चुनाव में अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के लिए वोटिंग होती है।

मिडटर्म चुनाव में हार से संसद में ट्रम्प की ताकत कम हो सकती है। उन्हें अपने फैसले पास कराने के लिए विपक्षी पार्टी का समर्थन लेना पड़ सकता है। दावा है कि इस युद्ध में अमेरिका-इजराइल के सत्ता परिवर्तन, परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम खत्म करने जैसे लक्ष्य पूरे नहीं हुए। पत्र में कहा गया कि डेथ टू अमेरिका का नारा अमेरिकी शासक वर्ग और व्हाइट हाउस के खिलाफ है, आम अमेरिकियों के खिलाफ नहीं है। अमेरिकी जनता से इजराइल को समर्थन और क्षेत्र में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध करने की अपील की है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर ट्रम्प ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा था कि अगर वह चाहें तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर सकते हैं। अमेरिका का कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना युद्ध के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अमेरिकी दावों पर भी सवाल उठाए। मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिकी सेना ने कुछ तेल टैंकरों को ही इस रास्ते से निकालने में सफलता पाई है।

संसद में ट्रम्प के लिए बहुमत बचाना जरूरी है

अमेरिका में 3 नवंबर को मिडटर्म चुनाव होने हैं। ये चुनाव राष्ट्रपति चुनाव के बीच में होते हैं। इनमें अमेरिकी लोग संसद यानी कांग्रेस के दोनों सदनों - हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट के लिए प्रतिनिधि चुनते हैं। इन चुनावों से यह तय होता है कि अगले दो साल में अमेरिकी संसद में किस पार्टी की ताकत कितनी रहेगी। सीनेट में 100 सदस्य होते हैं। इस बार 35 सीटों पर चुनाव होने हैं। वहीं हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 435 सीटों पर चुनाव होने हैं। अभी रिपब्लिकन पार्टी के पास सीनेट में 53 सीटें हैं। जबकि हाउस में 218 सीटें हैं। अगर ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी ये चुनाव हार जाती है तो संसद में ट्रम्प के लिए बिल पास कराना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

जिम्बाब्वे में हेलिकॉप्टर क्रैश, चर्चित बिजनेसमैन समेत 6 की मौत

पत्नी भी सवार थीं, राष्ट्रपति के करीबी थे चिवायो; हादसे के बाद हेलिकॉप्टर में लगी आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे के मरोनडेरा इलाके में बुधवार को 6 लोगों को लेकर जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे के बाद उसमें आग लग गई। हेलिकॉप्टर में 4 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे। हादसे में सभी 6 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में 43 साल के चर्चित बिजनेसमैन विकनेल चिवायो और उनकी पत्नी लूसी मुतेके भी शामिल हैं। चिवायो को राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा का करीबी माना जाता था। पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचकर शवों की पहचान में जुटे हैं।

हेलिकॉप्टर राजधानी हरारे से करीब 70 किलोमीटर पूर्व मरोनडेरा इलाके में गिरा। पुलिस को हादसे की जानकारी बुधवार शाम करीब 5 बजे मिली। हादसा किस वजह से हुआ, यह अभी साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच करेगी। विकनेल चिवायो इंट्राट्रेक जिम्बाब्वे के संस्थापक थे। यह कंपनी एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में काम करती थी। चिवायो ग्वांडा सोलर प्रोजेक्ट जैसे सरकारी ठेकों को लेकर भी चर्चा में रहे।

वे अपनी आलीशान जीवनशैली और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए भी जाने जाते थे। चिवायो महंगी कारों और लग्जरी हेलीकॉप्टरों के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते थे। चिवायो के कारोबार और राजनीतिक संबंधों को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे थे। वे सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति मनांगाग्वा के साथ अपनी मुलाकातों की तस्वीरें और वीडियो शेयर करते थे। वे दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो, तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन और इस्वातिनी के किंग मस्वाती क्क्क समेत कई बड़े नेताओं से भी मिल चुके थे।



कारोबार को लेकर भी उठे सवाल

चिवायो के कारोबार को लेकर जिम्बाब्वे और आसपास के देशों में सरकारी ठेकों और चुनावी फंडिंग से जुड़े आरोप लगे थे। उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया था। वे मशहूर हस्तियों, धार्मिक नेताओं, राजनेताओं और सोशल मीडिया फॉलोअर्स को महंगी गाड़ियां और कैश गिफ्ट देने के लिए भी जाने जाते थे।

जज ने कविता पढ़कर पूरे परिवार को दी उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोंक

टोंक की कोर्ट ने प्रेमिका की हत्या के दोषी प्रेमी, उसकी मां, बहन और भाई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जज आरती महेश्वरी ने फैसले के दौरान कविता सुनाई। दोषी ने 2022 में अपनी प्रेमिका को धोखे से जहर पिलाकर मार डाला था। इस वारदात में उसकी मां-बहन समेत तीन अन्य ने साथ दिया था। जज ने फैसला सुनाते वक्त कहा- प्रेम कोई अपराध नहीं पर विश्वासघात क्षम्य नहीं, न्याय का संदेश यही निर्दोष का रक्त व्यर्थ नहीं।

टोंक के पचेवर थाना इलाके के नगर गांव की निवासी लड़की सुमन जयपुर के वैशाली नगर में किराए के मकान में रहती थी। सांगानेर के शिकारपुरा निवासी युवक प्रधान से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। 11 सितंबर 2022 को प्रधान सुमन को लेकर नगर आया। फिर वापस जयपुर चला गया। 14 सितंबर को प्रधान ने सुमन के परिवार वालों को फोन कर बताया कि सुमन को सांप ने काट लिया।

भारत-यूएई के बीच समुद्र में तेल पाइपलाइन की तैयारी

होर्मुज संकट के बीच विकल्प तलाश रहा भारत, अरब सागर के नीचे गुजरात-महाराष्ट्र तक बिछेगी लाइन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज संकट के बीच भारत ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहा है। इसके तहत भारत और यूएई के बीच समुद्र के नीचे तेल और गैस पाइपलाइन बिछाने की तैयारी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जेउदी से मुलाकात के बाद इसकी पुष्टि की। सरकार ने ओमान-यूएई से भारत तक समुद्र के नीचे पाइपलाइन परियोजना को प्राथमिकता में रखा है।

मिडिल ईस्ट टू इंडिया डीप-वॉटर पाइपलाइन के तहत पाइपलाइन ओमान और यूएई के तट से शुरू होकर अरब सागर के नीचे से गुजरते हुए गुजरात और महाराष्ट्र के तट तक पहुंच सकती है।

जून में सरकार ने इस परियोजना को निजी प्रोजेक्ट बताया था। शुरूआत में इसमें सिर्फ गैस पाइपलाइन की योजना थी, लेकिन अब समुद्र के रास्ते कच्चा तेल लाने की संभावना पर भी तकनीकी अध्ययन शुरू हो गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर सरकारी कंपनियां परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। इसमें गहरे समुद्र में पाइपलाइन बिछाने की तकनीक, लागत और सुरक्षा समेत दूसरे पहलुओं की जांच की जाएगी।

क्यों पड़ी इस पाइपलाइन की जरूरत?

भारत अपनी जरूरत का करीब 88% कच्चा तेल आयात करता है। होर्मुज में तनाव के बीच भारत ऊर्जा सप्लाई के लिए वैकल्पिक रास्ते तैयार करना चाहता है। देश में आने वाली आधी से ज्यादा छढऋ और छठऋ भी कतर और यूएई से इसी समुद्री रास्ते से जहाजों के जरिए आती है।



इस परियोजना में सबसे बड़ी इंजीनियरिंग चुनौती समुद्र में करीब 3,450 मीटर की गहराई तक पाइपलाइन बिछाना है। इतनी गहराई में पानी का दबाव काफी ज्यादा होता है। पाइपलाइन को सुरक्षित रखना, समुद्र तल की चट्टानों और खाइयों के बीच रास्ता बनाना और भविष्य में इसकी मरम्मत करना भी बड़ी तकनीकी चुनौतियां होंगी।

सीधे सप्लाई से खर्च और जहाजों पर निर्भरता कम होगी

सीधे ओमान, यूएई, कतर और सऊदी अरब के गैस और तेल भंडार से आपूर्ति मिलने पर समुद्री जहाजों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे तेल और गैस के परिवहन और बीमा पर होने वाला खर्च घट सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अचानक तेल और गैस की कीमत बढ़ने पर भारत पर पड़ने वाला दबाव भी कम हो सकता है।

3 किमी का परीक्षण

परियोजना विकसित करने वाली संस्था साउथ एशिया गैस एंटरप्राइज ने करीब 25 करोड़ की लागत से लगभग 3 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर परीक्षण किया है। सभी शर्तें पूरी होने के बाद पूरी परियोजना के निर्माण में करीब 5 से 7 साल लगने का अनुमान है।

■ वर्ष-12 अंक-328 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।
कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम्।।

भावार्थ : किस आदमी का दिमाग एक विद्वान और विनम्र आदमी को नहीं लूटता है? सोना और रत्न का संयोग किसकी आंखों को सुख नहीं देता?

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 01 अक्टूबर, 2026

सर्वाभिलाषिणः सर्वभोजिनः सपरिग्रहाः।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु।।

भावार्थ : अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है।

सम्पादकीयम्

लोकतान्त्रिकप्रक्रियायाः

लोकतान्त्रिकप्रक्रियायाः सामान्यः भागः भवति। यदा विविधदृष्टिकोणानां स्वरः भवति तदा एव उत्तमविकल्पानां मार्गः उद्घाट्यते। निर्णयाः कथं भवन्ति। परन्तु विविधदृष्टिकोणानां लाभः तदा एव साक्षात्कृतः यदा तेषां वास्तविकरूपेण श्रूयते। आयोगेन स्पष्टीकर्तव्यं यत् के के असहमतिबिन्दवः विचारिताः, के स्वीकृताः, के च सहमतिनिमार्णार्थं प्रयत्नानाम् विषयः अभवत्। एतत् सर्वं महत्त्वपूर्णं यतोहि एषः विषयः मतदातानां नामानां योजनं विलोपनं च, तथा च अङ्कीयसंरचनायाः विषये वर्तते यस्मिन् निर्वाचनसूची अवलम्बते। एतादृशाः संशयाः न निराधाराः। एसआईआर अतीव संवेदनशीलः विषयः अस्ति; तस्य विषये असन्तुष्टिः बिहारे आरम्भात् आरभ्य दिल्लीनगरे विकासपर्यन्तं बहुवारं स्वरितवती अस्ति। पश्चिमबङ्गदेशे अद्यापि विवादः शान्तः न अभवत्। एषा घटना विपक्षस्य आरोपानाम् भारं दास्यति, एसआइआर-सम्बद्धानां आशङ्कां च गभीरं करिष्यति; ननु पूर्वसीएम ममता बनर्जी बङ्गदेशे नूतनविधानसभानिर्वाचनस्य आग्रहं कृतवती अस्ति। यदा एतादृशी समीक्षात्मका प्रक्रिया प्रचलति तदा एतावता यदि-बट्-इत्यस्य स्थानं नास्ति। जन्तर-मन्तरे सीईसी ज्ञानेशकुमारस्य विरोधस्य अनन्तरं ऐसा अध्यक्षा नेहा बोरा इत्यनेन किं उक्तम्? जनसमूहः ज्ञातुम् अर्हति। देशस्य स्वस्थप्रजातन्त्रस्य महत्त्वपूर्णः स्तम्भः निर्वाचनआयोगः अस्ति। संस्थायाः प्रति जनविश्वासः तदा एव सुदृढः भविष्यति यदा जनाः तस्याः आन्तरिकनिर्णयप्रक्रियाः अवगच्छन्ति। सम्प्रति सीईसी-निर्वाचनआयुक्तानां नियुक्तिं नियन्त्रयति इति कानूनम् अपि सर्वोच्चन्यायालयेन समीक्ष्यमाणम् अस्ति।

जबलपुरः भेदाघाटे विश्वस्तरीयं भूवैज्ञानिकनिकुञ्जं

संग्रहालयं च निर्मितं भविष्यति; केन्द्रसर्वकारेण ८७ कोटिरूप्यकपरियोजनाय अनुमोदनं कृतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



केन्द्रसर्वकारेण देशस्य प्रथमं भू-उद्यानं, विश्वस्तरीयं भूवैज्ञानिकसङ्ग्रहालयं, विश्वप्रसिद्धे भेदाघाट-लम्हेताघाटस्थले पर्यटनसुविधाः च विकसितुं ८७ कोटिरूप्यकाणां परियोजनायाः अनुमोदनं कृतम् अस्ति स्वदेशदर्शन २.० योजनायाः अन्तर्गतं मध्यप्रदेशपर्यटनमण्डलस्य माध्यमेन प्रायः १२ हेक्टें क्षेत्रे एषा परियोजना विकसिता भविष्यति।

इयं अनुमोदनं लोकनिर्माणमन्त्री श्री राकेशसिंहेन विगतसार्धद्विवर्षेषु कृतानां निरन्तरप्रयत्नानाम् परिणामः अस्ति। श्रीसिंहः परियोजनायाः दृष्टिः ठोसरूपं दातुं, प्रस्तावस्य सज्जीकरणाय, सम्बन्धितविभागेषु समन्वयं स्थापयितुं, केन्द्रसर्वकारस्य अनुमोदनं प्राप्तुं च निरन्तरं कार्यं कृतवान्। परियोजनायाः अनुमोदनेन जबलपुरे पर्यटनविकासाय नूतना गतिः प्रदास्यति तथा च स्थानीयरोजगारस्य व्यापारस्य च अवसराः वर्धयिष्यन्ति।

लोकनिर्माणमन्त्री राकेशसिंहः २०२४ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य १८ दिनाङ्के मन्त्रालये भू-उद्यानस्य विस्तृत-परियोजना-प्रतिवेदनस्य, डिजाइनस्य च प्रस्तुतीकरणस्य समीक्षां कृतवान् आसीत् विशेषता। सः प्रकृति-आधारित-पर्यटन-अनुभवाः, प्रकृति-वासः, स्थानीय-समुदायस्य सहभागिता च परियोजनायाः अभिन्न-अङ्गाः कर्तुं अपि बलं दत्तवान्। तदनन्तरं श्रीसिंहः परियोजनायाः प्रगतेः अनुमोदनप्रक्रियायाः च निरन्तरं अनुवर्तनं कृतवान्। तस्य प्रयत्नेन निर्मितः प्रस्तावः केन्द्रसर्वकाराय प्रस्तूयते स्म, अधुना तस्य अनुमोदनं प्राप्तम् अस्ति।

जबलपुरतः चतुर्वारं संसदसदस्यः श्रीसिंहः नगरस्य प्राकृतिकविरासतां, विज्ञानशिक्षा, पर्यटन-अर्थव्यवस्था च सम्बद्धानां दीर्घकालीन-आवश्यकतानां सम्बोधनाय अस्याः परियोजनायाः समर्थनं कृतवान्।

मंत्री राकेश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट किया। सः अवदत् यत् भेडाघाट् न केवलं जबलपुरस्य, अपितु सम्पूर्णस्य मध्यप्रदेशराज्यस्य कृते एकः अस्मिता अस्ति। अत्र संगमरवरशिलाः, धुअन्धरजलप्रपातः, नर्मदानदी च देशस्य, विश्वस्य च पर्यटकाः आकर्षयन्ति। प्रस्तावितं भूवैज्ञानिकनिकुञ्जं संग्रहालयं च एतस्याः परिचयस्य अधिकं वर्धनं करिष्यति। श्रीसिंहः अवदत्, आधुनिकपर्यटनसुविधाभिः पूरितरूपेण जबलपुरस्य प्राकृतिकं ऐतिहासिकं च धरोहरं विश्वे प्रदर्शयितुं मम प्रयासः अभवत्। अस्याः परियोजनायाः अनुमोदनं तस्मिन् दिशि महत्त्वपूर्णं कदमम् अस्ति। अहं प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी इत्यस्मै केन्द्रसर्वकाराय च हार्दिकं आभारं प्रकटयामि। भेडाघाटस्य, भेडाघाटस्य निवासीभ्यः जबलपुरस्य नागरिकेभ्यः अपि हार्दिकं अभिनन्दनं करोमि। अस्याः उपलब्धेः विषये च समग्रप्रदेशस्य जनाः इति। परियोजनायां प्रायः ५,७४५ वर्गमीटं यावत् निर्मितक्षेत्रं परिकल्पितम् अस्ति, यत्र स्थलस्य ९० प्रतिशतं वा अधिकं वा हरितस्थानरूपेण स्थापयितुं लक्ष्यं भवति। प्राकृतिकदृश्यं विद्यमानवृक्षाणां च संरक्षणं कुर्वन् संरचनानां विकासः भविष्यति, येन आगन्तुकाः प्रकृत्या सह सम्बन्धं अनुभवितुं शक्नुवन्ति। स्थानीयोत्पादनेषु, हस्तशिल्पेषु, भोजनेषु, पर्यटनसेवासु च स्थानीयसमुदायस्य सहभागिता सुनिश्चित्य अपि विशेषतया बलं दत्तं भविष्यति। परियोजनायां विश्वस्तरीयं भूवैज्ञानिकसङ्ग्रहालयं व्याख्याकेन्द्रं च, षट् विषयगतदर्पणालयाः, १३० तः अधिकाः प्रदर्शनीः, ३डी मॉडलिंग, अन्तरक्रियाशीलस्पर्शमेजः, डिजिटलपैनलः, विसर्जनात्मकं नाट्यगृहं, टाइटानोसॉरचतुष्कं, डायनासोरपार्कः, जीवाश्मउद्यानं, भूवैज्ञानिकचक्रव्यूहः, शिलाउद्यानं, वृक्षशिखरपदमार्गः, काचतलं, प्रकृतिपदयात्राः, दृश्यस्थानानि च सन्ति।

६.८ मिलियन गुणानाम्

दस्तावेजीकरणार्थं मार्गः स्वच्छः; २२,००० पटवारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशे स्वामित्वयोजनायाः (स्वामित्वयोजनायाः) कार्यान्वयनस्य मार्गः अधुना स्पष्टः अस्ति, यस्याः उद्देश्यं ग्रामेषु, आबादक्षेत्रेषु च निजीसम्पत्त्याः औपचारिकदस्तावेजीकरणं प्रदातुं वर्तते। प्रायः ६८ लक्षं भूस्वामिनः अभिलेखानां स्वामित्वदस्तावेजानां च निर्माणस्य उत्तरदायित्वं प्रायः २२,००० पटवारीभ्यः (राजस्वाधिकारिभ्यः) 'कार्यकारीपदाधिकारिणः' इति क्षमतायां नियुक्तं कर्तुं राज्यसर्वकारस्य निर्णयं चुनौतीं दत्तवती याचिका उच्चन्यायालयात् निवृत्ता अस्ति। फलतः २०२६ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासस्य १३ दिनाङ्के निर्गतस्य सर्वकारीय-आदेशस्य आधारेण योजनायाः प्रवर्तनस्य मार्गः अधुना उद्घाटितः अस्ति।

न्यायमूर्तिमनिन्दरसिंहभट्टी इत्यस्य नेतृत्वे एकन्यायाधीशपीठेन प्रान्तीयपटवारीसङ्घेन दाखिलं निवृत्त्यर्थं अनुरोधं स्वीकृत्य याचिकां खारिजं कृतम्। सुनवायीकाले राज्यसर्वकारेण याचिकायाः निर्वाहयोग्यतायाः विषये आक्षेपाः उत्थापिताः आसन्। सर्वकारस्य तर्कानाम् अनुसरणं कृत्वा पटवारीसङ्घः याचिकां निवृत्तं कर्तुं निश्चयं कृतवान्। औपचारिकं वृत्तचित्राधारं प्राप्तुं ग्रामसम्पत्तयः स्वामित्वयोजनायाः प्राथमिकं उद्देश्यं ग्रामीणनिवासीक्षेत्रेषु स्थितानां निजीसम्पत्तीनां सर्वेक्षणं कृत्वा तेषां स्वामित्वं स्थापयन्तः दस्तावेजाः।

अत्र द्वौ विशिष्टौ स्तरौ अवगन्तुं महत्त्वपूर्णम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

निर्णयप्रक्रियायाः विषये मतभेदस्य संकेतः आसीत्। एकस्याः बैठक्याः अनन्तरं आयोगेन स्पष्टीकृतं यत् एसआईआर प्रक्रियायाः विषये आदेशाः सर्वसम्मत्या अनुमोदिताः। अत्र द्वौ विशिष्टौ स्तरौ अवगन्तुं महत्त्वपूर्णम्। एकतः आयोगस्य प्रशासनिकप्रक्रिया अस्ति, यत्र निर्वाचनसूचीनां पुनरीक्षणं दावानां आक्षेपाणां च निराकरणं च समाविष्टम् अस्ति। अपरपक्षे राजनैतिकदलैः नागरिकसमाजसमूहैः च उत्थापिताः प्रश्नाः सन्ति, येषु प्रक्रिया, दस्तावेजीकरणं, सूचनां निर्गन्तुं प्रयुक्ताः पद्धतयः च विषये विविधाः आक्षेपाः सन्ति।

राशिफल

मेष : सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध में साथी की भावनाओं को समझना जरूरी रहेगा। छोटी बात को लेकर बहस करने से बचें।

वृषभ : आपका करियर रोमांचक संभावनाओं से भरपूर रहेगा, जो आपके लक्ष्यों के अनुसार हैं।

मिथुन : नए अवसरों के लिए खुले रहें और खुद पर भरोसा करें। साथी से मन की बात कह सकते हैं।

कर्क : प्रेम संबंध में भावनाएं हावी रह सकती हैं। साथी की किसी बात को तुरंत गलत समझने से बचें।

सिंह : आपके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पर्सनल ग्रोथ का अवसर प्रदान करता है। प्रेम संबंध में नजदीकी बढ़ेगी।

कन्या : आज प्रगति की सोच को अपनाएं। आपको प्रोफेशनल व पर्सनल प्रयासों में विकास के अवसर मिल सकते हैं।

तुला : बदलावों के प्रति खुले रहें, संतुलन बनाए रखने पर ध्यान दें। प्रेम संबंध में मधुरता आएगी।

वृश्चिक : पर्सनल व प्रोफेशनल ग्रोथ के अवसर मौजूद हैं, लेकिन अपनी सेहत को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

धनु : प्यार में, कनेक्शन को गहरा करने पर फोकस करें। करियर के लिहाज से, सपोर्ट व गोल्स पर ध्यान दें।

मकर : दिनचर्या में सावधानी मेंटेन करते हुए अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम जीवन में साथी के साथ किसी जरूरी विषय पर बातचीत होगी।

कुंभ : चुनौतियों को कॉन्फिडेंस के साथ स्वीकार करें। जरूरत पड़ने पर विश्वसनीय स्रोतों से सलाह लेने में संकोच न करें।

मीन : आर्थिक रूप से, यह सतर्क लेकिन पॉजिटिव रहने का दिन है। दिन को पॉजिटिव सोच के साथ शुरू करें।


ज्योतिष/वास्तु

केतु करेंगे आश्लेषा नक्षत्र में गोचर, इन राशियों को मिलेंगे लाभ पाने के कई शानदार अवसर

25 नवंबर को केतु आश्लेषा नक्षत्र में गोचर करेंगे जिससे कुछ राशि वालों के जीवन में कई तरह के सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सभी 9 ग्रहों में कुछ को शुभ तो कुछ को अशुभ ग्रह होते हैं। ऐसे में केतु की गिनती पापी, रहस्यमयी और आध्यात्मिक के रूप में होती है। आपको बता दें कि केतु का गोचर और नक्षत्र परिवर्तन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 25 नवंबर 2026 को केतु आश्लेषा नक्षत्र के चौथे चरण में प्रवेश करेगा। केतु के नक्षत्र परिवर्तन से इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा। जिससे कुछ राशि वालों पर इसका खास असर देखने को मिलेगा। करियर-कारोबार में तरक्की और आत्मविश्वास में वृद्धि होगा। आइए जानते हैं केतु के नक्षत्र परिवर्तन से किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

केतु नक्षत्र परिवर्तन और सिंह राशि पर प्रभाव- सिंह राशि वालों के लिए केतु का नक्षत्र परिवर्तन करियर के मामलों के लिहाज से बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। नौकरीपेशा जातकों नई नौकरी के लिए बेहतर अवसर मिल सकता है। आपको किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने



अनुभवों का लाभ मिलेगा। अतिरिक्त आय के मौके मिलेंगे और रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

तुला राशि पर केतु के नक्षत्र परिवर्तन का प्रभाव- तुला राशि वालों के लिए केतु का नक्षत्र परिवर्तन एक साथ कई तरह की खुशखबरी लेकर आ सकता है। अचानक से धन प्राप्ति के योग बनेंगे। अधूरे कार्यों में आपकी गति मिलेगी जिससे समय पर कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नई तरह की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। निवेश संबंधी कोई भी फैसले लेते समय आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

कर्क राशि पर केतु नक्षत्र परिवर्तन- केतु का नक्षत्र परिवर्तन कर्क राशि वालों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा। करियर में नए-नए तरह के मौके मिलेंगे। आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार दिखाई देगा। इस दौरान किसी प्रभावशाली लोगों से मेल-मुलाकात का सिलसिला जारी रहेगा। नौकरी में बदलाव और प्रमोशन के अच्छे योग बनेंगे। आय के नए-नए स्त्रोतों में बढ़ोतरी होगी।

वृश्चिक राशि पर केतु नक्षत्र परिवर्तन- वृश्चिक राशि वालों के लिए करियर और आर्थिक मामलों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। अच्छी और शुभ सूचनाएं सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी रणनीति और निर्णय क्षमता की सराहना होगी। धन प्राप्ति के अच्छे मौके मिलेंगे। आर्थिक फैसले से आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा।

भारत ने वनडे में अपना सबसे बड़ा रनचेज किया: रोहित शर्मा के 12 हजार रन पूरे

शुभमन गिल ने सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी





भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में 8 विकेट से हरा दिया। टीम ने 406 रन का टारगेट 43.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। यह भारत का वनडे में सबसे बड़ा रनचेज है। 20 साल बाद किसी टीम ने दूसरी पारी में 400 रन चेज किए हैं। 2006 में साउथ अफ्रीका ने यह कारनामा किया था। टीम के कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 223 रन की पारी खेलते हुए वनडे का सबसे तेज दोहरा शतक जड़ दिया। यह रनचेज में किसी खिलाड़ी का सबसे बड़ा स्कोर भी है। वहीं मैच में शतक लगाने वाले रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में अपने 12 हजार रन पूरे कर लिए।

13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा- भारत ने वनडे में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। इससे पहले टीम ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 360 रन का टारगेट हासिल किया था। ओवरऑल यह वनडे क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज है। पहले स्थान पर साउथ अफ्रीका है, जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 435 रन चेज कर दिए थे।

भारत के नाम वनडे में सबसे ज्यादा 400+ स्कोर- भारत ने वनडे में सबसे ज्यादा बार 400+ रन बनाए हैं। टीम ने 9 बार ऐसा किया है।

भारत वनडे में सबसे तेज 300 रन पूरे करने वाली टीम- भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गुवाहाटी में 29.1 ओवर में 300 रन पूरे किए। यह वनडे में किसी भी टीम के सबसे तेज 300 रन हैं। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32.2 ओवर में यह आंकड़ा हासिल किया था।

गिल ने सबसे तेज दोहरा शतक लगाया- गिल ने 117 गेंद में डबल सेंचुरी पूरी की। यह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतका है। उन्होंने ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। ईशान ने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 126 गेंद में 200 रन पूरे किए थे।

वनडे रनचेज में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर- गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गुवाहाटी में नाबाद 223 रन की पारी खेली। यह वनडे रनचेज में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले ग्लेन मैक्सवेल ने 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रन की पारी खेली थी।

गिल वनडे में सबसे तेज 11 शतक लगाने वाले भारतीय- शुभमन गिल ने 68 पारियों में 11वां वनडे शतक पूरा किया। वे इस फॉर्मेट में भारत के लिए सबसे कम पारियों में 11 शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने कोहली के 82 पारियों का रिकॉर्ड तोड़ा। वर्ल्ड क्रिकेट में साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला 64 पारियों के साथ टॉप पर हैं।

गिल ने वनडे का तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया- गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गुवाहाटी में नाबाद 223 रन की पारी खेली। यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। रोहित शर्मा 264 रन के साथ पहले और मार्टिन गुप्टिल नाबाद 237 रन की पारी के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

एशियाड में भारत को 10वां गोल्ड, ईरान को पीछे छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ निशिन

भारत ने एशियन गेम्स के 11वें दिन 4 गोल्ड जीते। इनमें 3 गोल्ड तीरंदाजी और 1 शूटिंग में आया। इसके साथ भारत के 10 गोल्ड समेत 60 मेडल हो गए हैं। वह ईरान को पीछे छोड़कर मेडल टैली में 7वें नंबर पर पहुंच गया है। बुधवार को पहला गोल्ड विमेंस कंपाउंड आर्चरी टीम ने जीता। इसके बाद चिकिता तनिपार्थी और साहिल जाधव की जोड़ी ने मिक्स्ड कंपाउंड आर्चरी में गोल्ड जीता। नीरू ढांडा और किनान चेनाई की जोड़ी को शूटिंग में गोल्ड मिला। दिन का चौथा गोल्ड कंपाउंड आर्चरी के पुरुष टीम इवेंट में साहिल, गणेश और कुशल ने जीता।

भारत ने कंपाउंड आर्चरी के तीनों इवेंट में गोल्ड जीते। विमेंस टीम ने चीन को 238-234 से हराकर अपने खिताब का बचाव किया। मिक्स्ड टीम फाइनल में चिकिता और साहिल का मुकाबला साउथ कोरिया की पार्क जंगयून और चोई योंगही से था। भारत ने शूट-ऑफ में गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट के लिए कोटा भी हासिल किया।

पुरुष टीम फाइनल में साहिल, गणेश और कुशल की टीम ने चीन को 238-237 से हराया। भारत शुरूआती एंड में 58-60 से पीछे था, लेकिन इसके बाद भारतीय तीरंदाजों ने लगातार शानदार निशाने लगाए। फाइनल के बाद के 180 में भारत ने 180 अंक हासिल किए। साहिल ने अपने सभी 8 शॉट में 10 अंक बनाए, जबकि गणेश और कुशल ने भी दबाव के बीच लगातार 10 लगाए।

वैभव सूर्यवंशी आज भी नहीं खेलेंगे

एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में भारत-श्रीलंका दोनों टीमों का पिछला मैच बारिश में धुला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ निशिन

एशियन गेम्स में आज भारत और श्रीलंका के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मैच सुबह 10:30 बजे जापान के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में शुरू होगा। दोनों टीमों का क्वार्टरफाइनल मुकाबला बारिश में धुल गया था। बेहतर टी-20 रैंकिंग के आधार पर दोनों को सेमीफाइनल में जगह मिली। आज बारिश होने की संभावना नहीं है।

इस बीच सबसे बड़ा सवाल भारत के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के खेलने को लेकर हैं। टीम से अबतक जो संकेत मिले हैं उसके मुताबिक वैभव का इस मैच में खेलना मुश्किल है। टीम अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की ओपनिंग जोड़ी के साथ ही उतरेगी। वैभव तभी खेल पाएंगे जब मैच से पहले कोई बल्लेबाज चोटिल हो जाए।

टीम इंडिया ने 2023 एशियन गेम्स में गोल्ड मेडली जीता था। टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टाइटल को डिफेंड करने जापान पहुंची है। हालांकि टीम अब तक वहां सिर्फ 10 ओवर का ही क्रिकेट मैच खेल पाई है।

भारत ने जापान में इकलौता मुकाबला होस्ट टीम के खिलाफ ही खेला, जो दोनों देशों के डिप्लोमेटिक रिलेशन पूरे होने के अवसर पर आयोजित हुआ। यह मैच भी बारिश की वजह से सिर्फ 5-5 ओवर का ही हो सका। भारत ने इस करीबी मुकाबले में 2 रन से जीत दर्ज की थी। यह मैच एशियन गेम्स का हिस्सा नहीं था। भारत टी-20 में बेहतरीन फॉर्म में है। टीम ने अपने पिछले पांचो मुकाबले जीते हैं। वहीं श्रीलंका को पिछले 5 मुकाबलों में 4 में हारी मिली है और 1 मैच जीता है।



टी-20 में दोनों टीमें 33 बार भिड़ी हैं। इनमें भारत ने 23 मुकाबले जीते हैं, जबकि श्रीलंका को 9 में जीत मिली। 1 मुकाबला बेनतीजा रहा। इसके अलावा भारत के खिलाफ श्रीलंका अपने पिछले पांचों मुकाबले हारा है। उसे भारत के खिलाफ आखिरी जीत जनवरी 2023 में मिली थी।

ईशान किशन ने इस साल भारत के लिए सबसे ज्यादा 905 रन बनाए हैं। उन्होंने 27 मैच में 171.07 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। उनका बेस्ट स्कोर 103 रन है। वे इस समय टी-20 रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। रैंकिंग में दूसरे नंबर पर भारत के ही अभिषेक शर्मा हैं। उन्होंने इस साल खेले 27 मैच में 743 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 204.68 रहा है। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह इस साल भारत के टॉप विकेट टेकर रहे हैं। उन्होंने 22 मैच में 30 विकेट लिए हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे।

खबर एक नजर...

स्ट्रीट डॉग का शिकार बालिका को लाया गया उज्जैन

उज्जैन। आगर-मालवा की रहने वाली सात वर्षीय बालिका शीला पिता राकेश को बुधवार सुबह उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने बताया कि खेत पर मकान बना हुआ है। सुबह घर से बाहर निकली थी, उसी दौरान 3 कुत्तों ने हमला कर दिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्यों ने उसे कुत्तों के झुंड से छुड़ाया। बालिका को माकडोन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उज्जैन रैफर किया गया। डॉक्टरों ने बालिका को रैबीज वैक्सीन का डोज लगाने के बाद भर्ती किया है।

नगरीय सीमा में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

उज्जैन। अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश अजरिया उर्फ अजहरुद्दीन पिता मेहरुद्दीन निवासी जूना सोमवारिया को 6 माह के लिये जिले की सीमा से बाहर करते हुये जिलाबदर कर दिया गया था। मंगलवार रात कानून व्यवस्था की ड्युटी में लगी पुलिस टीम को खबर मिली कि जिलाबदर बदमाश कमरी मार्ग क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने कमरी मार्ग पर घेराबंदी की और मस्जिद के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि आरोपी की जिलाबदर अवधि समाप्त होने पर समय बचा था, उससे पहले वह नगरीय सीमा में आ गया। उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई और बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

कोट मोहल्ला में 61 साल के वृद्ध पर चाकू से हमला

उज्जैन। कंदार मोहल्ला में मंगलवार रात रिक्शा खड़ी करने पर चालक इमरान से विवाद 3 युवकों ने विवाद किया उनके बीच कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया। लेकिन तीनों युवक रिक्शा चालक के घर कोट मोहल्ला पहुंच गये और फिर से विवाद करने लगे। रिक्शा चालक के पिता अब्दुल सलीम पिता अब्दुल रहीम 61 साल बीच बचाव के लिये पहुंचे। तीनों युवकों ने चालक के पिता पर चाकू से हमला कर दिया। घायल वृद्ध को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती कर महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि घायल अब्दुल सलीम गोली-बिस्किट की सैल्समेनी करते है। चाकू मारने वाले वजीर पार्क कालोनी के रहने वाले सरफू, इद्दू और उसका पुत्र है। पुलिस ने मामले में तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

सोयाबीन काटने की बात पर 2 पक्षों में चले डंडे



उज्जैन। माकडोन के ग्राम डेलची में राम मंदिर के पास हार्वेस्टर से सोयाबीन फसल काटने की बात पर धर्मेन्द्र पिता विक्रमसिंह चौहान और महेन्द्र पिता प्रेमसिंह राजपूत के बीच विवाद हो गया। दोनों की ओर से उनके साथी ने एक-दूसरे पर डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सोयाबीन फसल काटने का काम चल रहा है और विवाद के मामले भी सामने आ रहे है। माकडोन के ही ग्राम रूपाखेड़ी में पुराने विवाद को लेकर उमेश पिता राजेश राठौर और जीवन पिता बनेसिंह देवड़ा के बीच झगड़ा हो गया। जीवन ने उमेश के घर में घुसकर डंडे से मारपीट की। वहीं उमेश ने परिवार के साथ मिलकर जीवन पर डंडे से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जमातखाने से लापता हुआ 75 साल का बुजुर्ग

उज्जैन। महिदपुर के नागौरी मोहल्ला में रहने वाला अब्दुल हाफीज पिता अब्दुल मजीद नागौरी 75 साल 30 अगस्त की दोपहर घर से जमातखाने गये थे। जब शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। नहीं मिलने पर देर रात महिदपुर थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जमानखाने से लेकर घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर पता लगाने के प्रयास कर रही है।

बुलेट-बाइक की भिड़ंत दोनों चालक घायल

उज्जैन। नागदा बायपास मार्ग पर गुर्जर पेट्रोल पंप के पास बाइक और बुलेट के बीच भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार दिनेश पिता फूलचंद परिहार निवासी ग्राम पुवाडलिया और बुलेट पर सवार नूर पिता अब्दुल मजीर खान निवासी प्रकाशनगर नागदा घायल हो गये। दोनों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों की ओर से प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखकर मामले में आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

दिन	477-8	369-8
मेन बाजार	359-7	589-2
मिलन डे	789-4	230-5
मिलन नाइट	246-2	579-1

2 3 8

सरकार की भावांतर योजना में पंजीयन की तैयारी, किसानों की लाभांश सहित भाव की मांग

भावांतर का पंजीयन, लाभांश सहित भाव की मांग में फंसेगा

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सरकार किसानों के सोयाबीन को पिछले वर्ष की तरह भावांतर योजना पर खरीदी की तैयारी में है और किसानों की सोयाबीन विक्रय को लेकर लाभांश सहित भाव की मांग है। ऐसे में पंजीयन को लेकर पेंच फंसता दिख रहा है। सोयाबीन उपार्जन को लेकर कल से पंजीयन की शुरूआत होने वाली है। इसकी तैयारी की गई है।

भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इधर भारतीय किसान संघ के अधिकृत प्रतिनिधि का कहना है कि हमने तो हमारी मांग का ज्ञापन 15 सितंबर को ही प्रशासन को सौंप दिया था। उस पर कोई पहल सामने नहीं आ रही है।

किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं।पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन के लिये पंजीयन के दौरान ही 1 रुपए का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन/जेआईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा। पंजीयन कराने और फसल विक्रय के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। सत्यापन होने की स्थिति में ही पंजीयन मान्य होगा। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना का कहना है कि भावांतर योजना नहीं हमें भाव चाहिए और वो भी 50 प्रतिशत लाभांश के मान से। किसानों को सोयाबीन पैदावार में लागत ही करीब रूपए 6250 प्रति क्विंटल बैठती है। ऐसे में भावांतर से किसान की पूर्ति नहीं होती है। इसके लिए हमारी और से 15 सितंबर को प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था। ऐसा नहीं है कि सिर्फ जिले में ही ऐसा है पूरे प्रदेश में ही यह ज्ञापन दिया गया था।

यहां सशुल्क पंजीयन

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रुपए से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

पुलिस से बचकर भागने में गिरकर हुआ घायल

73 दिन बाद पकड़ाया डबल मर्डर में फरार आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गोरकर परिवार के 2 सगे भाईयों की हत्या में 73 दिनों से फरार चल रहा आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। चारों ओर से घेराबंदी कर चुकी पुलिस से वह बच नहीं सका और गिरकर घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उससे पूछताछ शुरू की गई है।

नीलगंगा थाना पुलिस लोकेश गोरकर और उसके भाई जय गोरकर की हत्या में फरार चल रहे आरोपियों की लगातार तलाश कर रही है। बुधवार को सूचना मिली कि डबल मर्डर में शामिल एक आरोपी बालाजी परिसर के पीछे दिखाई दिया है, जो अपने घर की ओर जाने की फिराक में है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिये घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस को देखा तो भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उबड़-खाबड़ रास्ते पर गिर गया। उसके पैर में चोंट लगी थी, जिसके चलते पुलिस की गिरफ्त में आ गया। नीलगंगा टीआई तरूण कुरील ने बताया कि आरोपी नितेश उर्फ खलनायक पिता अजय बौरासी निवासी जबरन



कालोनी का रहने वाला है। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया। गुरूवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा। विदित हो कि शनिवार रात को पुलिस ने डबल मर्डर में शामिल 2 आरोपियों सोनू पिता विजय बहादूर पासी और विजय सूर्यवंशी उर्फ छोटू गोल्डन को करोहन से गिरफ्तार किया था। दोनों ने बीच रास्ते में पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया था और पथराव कर दिया था। पुलिस ने दोनों को शार्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ा था।

अब तक हो चुकी 18 आरोपियों की गिरफ्तारी

पिछले ढाई माह में पुलिस डबल मर्डर के मामले में 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें 3 नाबालिग और एक महिला शामिल है। सभी को जेल भेजा जा चुका है। अब मामले में चार आरोपियों की तलाश है। जिनके ठिकानों पर पुलिस कई शहरों में दबिश दे चुकी है, बावजूद अब तक गिरफ्त में नहीं आये है। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी पर 10-10 हजार का इनाम भी घोषित किया है।

18 जुलाई की रात चली थी गोलियां

नीलगंगा चौराहा पर पासी समुदाय के 2 दर्जन बदमाशों ने गोरकर परिवार पर हमला किया था और ताबातोड़ गोलियां चलाई थी। कुछ बदमाशों ने पथराव कर तलवार-चाकू से वार किये थे। हमले में लोकेश और जय गोरकर की मौत हो गई थी। चाचा दिलीप गोरकर और चचेरा भाई तपन गोरकर गंभीर रूप से घायल हुये थे। पुराने विवाद में हमला होना सामने आया था। हमले का मुख्य आरोपी रोशन पासी, रोहित पासी, नरेश पासी और नीलू संगत होना सामने आये थे, जो एक जन्मदिन की पार्टी में अपने साथियों के साथ एकत्रित हुये थे और गोरकर परिवार पर हमले की साजिश रचकर नीलगंगा चौराहा पहुंचे थे।

यातायात नियमों को लेकर पुलिस ने शुरू किया जागरूकता अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क दुर्घटना में होने वाली जनहानि को रोकने के लिये पुलिस ने 10 दिवसीय जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। बुधवार को 2 महाविद्यालयों के 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस द्वारा सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट के साथ सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिये लोगों जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को यातायात एएसपी मनोज खत्री और डीएसपी दिलीपसिंह परिहार टीम के साथ विजन महाविद्यालय के साथ प्रशांति महाविद्यालय पहुंचे। जहां 500 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया। डीएसपी परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात संकेतों एवं रोड मार्किंग सहित सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही प्रदेश और शहर में घटित सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमें होने वाली जनहानि के संबंध में जानकारी देते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं से यातायात नियमों से संबंधित प्रश्नोत्तर किए गए, सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को मौके पर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों को जीवन के मूल्य को समझते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। एएसपी खत्री ने बताया कि अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले तथा बिना सीटबेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ प्रतिदिन चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होने आमजन से अपील करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

लापता बालिका छत्तीसगढ़ में मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

39 दिनों से लापता बालिका को पुलिस ने बुधवार को छत्तीसगढ़ से दस्तयाब कर लिया। बालिका ने परिवार से नाराज होकर घर छोड़ना बताया। पुलिस ने समझाइश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।

नागदा थाना टीआई अमृतलाल गवरी ने बताया कि 21 अगस्त को 16 साल की बालिका लापता हो गई थी। सभी जगह तलाश करने के बाद 22 अगस्त को चाचा ने थाने आकर पुलिस को भतीजी के लापता होने सूचना दी थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। सायबर सेल टीम की मदद से मंगलवार को जानकारी सामने आई कि लापता बालिका छत्तीसगढ़ में है। बालिका को दस्तयाब करने के लिये एएसआई वीरेन्द्रसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रितेश



बोरिया, राजेश चन्देल, महिला आरक्षक उस्मानी शबनम को रवाना किया गया। बुधवार को सकुल बालिका को नागदा लाया गया। जहां उसने बताया कि नाराज होकर चाचा के घर से छत्तीसगढ़ में रहने वाली मां के पास चली गई थी। उसके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है। बालिका के बयान दर्ज करने के बाद उसे परिजनो को सौंपा गया है।

गैस टैंकर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम नजरपुर में गैस प्लांट के बाहर खड़े टैंकर में मंगलवार-बुधवार रात आग लग गई, चालक ने कूदकर जान बचाई। इस बीच अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही टैंकर के केबिन में आग लगी थी। जिस पर कुछ देर में काबू पा लिया गया।

घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि रात में नजरपुर गैस प्लांट के बाहर खड़े टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। टैंकर चालक ने कूदकर जान बचा ली थी। आग से टैंकर का केबिन पूरी तरह से लपटों में घिर चुका था, जिस पर काबू पाने के लिये गैस प्लांट की फायर फायटर पहुंची, जिस पर कुछ देर में काबू पा लिया गया। टैंकर में लगी आग के बाद आसपास खड़े टैंकर चालकों में अफरा-तफरी मच गई



थी। एसआई अलकेश डागे ने बताया कि आग लगने की वजह टैंकर की वायरिंग में शार्ट सर्किट होना सामने आ रहा है। आग टैंकर तक नहीं पहुंची थी अन्यथा बड़ा घटनाक्रम हो सकता था। वैसे टैंकर खाली बताया जा रहा है, जो प्लांट पर गैस भरवाने के लिये पहुंचा था। मामले में चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आगजनी की जांच शुरू की जायेगी।

अपहरण मामले में नया मोड़ युवती बोली मर्जी से आई हूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में मंगलवार रात कार से आये युवकों द्वारा एक युवती का अपहरण कर लिया था। लेकिन सुबह होने से पहले अपहरण मामले में नया मोड़ आ गया। युवती ने युवक के साथ वीडियो बनाकर शेयर किया और कहा कि मर्जी से आई हूं। हमने शादी कर ली है। युवक ने मर्जी से भागने की बात कहीं है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के लालबाई-फूलबाई क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई थी, जब काले रंग की कार से आये 2 युवकों में शामिल एक युवक ने घर के बाहर बैठी युवती को जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया था। युवती के परिवार ने उसे छुड़ाने की कोशिश की थी लेकिन दोनों युवक कार लेकर भाग निकले थे। घटना के बाद सामने आया था कि युवती के पिता यातायात विभाग में प्रायवेट क्रेन चलाक है। जीवाजीगंज पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे थे। जिसमें युवती को कार में बैठाने के फुटेज सामने आये थे। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था और अपहरण करने वालों की पहचान के प्रयास शुरू किये थे। युवती को जबरदस्ती कार में बैठाने वाले की पहचान ध्रुव कुमावत निवासी उदूर्पुरा के रूप में हो गई थी। पुलिस ने मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर कार के जाने वाले रूट को ट्रेस करना शुरू किया था। पुलिस ने भैरवगढ़ क्षेत्र से पीछा भी किया था लेकिन वहां से निकले



अलग-अलग रास्तों की वजह से आगे का रास्ता ट्रेस नहीं हो पाया था। पुलिस सभी रास्तों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही थी। इस बीच सुबह होने से पहले अपहरण करने वाले युवक और युवती के 2 वीडियों परिवार के वाट्सएप पर पहुंच गये। जिसमें दोनों बालिग होने के साथ अपनी मर्जी से भागने और शादी करने की बात कहते सुनाई दिये। उनका कहना था कि भागने का तरीका गलत नहीं था, युवती ने वीडियो में बताया कि वह खुद कार में बैठी थी, उससे दीदी ने पकड़ा लिया था वह कुछ दिनों में लौट आयेगें। दोनों वीडियो पुलिस के पास भी पहुंचे। वीडियो को लेकर युवती के परिजनों का कहना था कि डरा-धमकाकर वीडियो बनाया गया है। मामले में टीआई प्रतीक शर्मा ने बताया कि अपहरण का वीडियों सामने आने के बाद मामले की जांच जारी है। जल्द अपहृत युवती का पता लगाकर उसका अपहरण करने वालों को गिरफ्तार किया जायेगा।

मंगलनाथ पुल पर काला ने युवक को मारे चाकू


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गणेश प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे युवक को मंगलनाथ पुल पर मंगलवार-बुधवार रात ढाई बजे काला नामक बदमाश ने चाकू मार दिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि चरक अस्पताल से चाकूबाजी में घायल मंयक



पिता जितेन्द्र सुनेरिया 22 साल निवासी महेशनगर के घायल होने की सूचना मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची थी। घायल ने बताया कि वह रात में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने मंगलनाथ पुल पर गया था। जहां उसका विवाद गीता कालोनी में रहने वाले मयंक उर्फ काला से हो गया था। काला ने चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। उसे घायल हालत में दोस्त अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज करने के बाद मामले में मंयक काला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। बुधवार शाम तक चाकू मारने वाला पुलिस की हिरासत में नहीं आ सका था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com